PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01
# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228
(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)
■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ़, गुरुवार 03 सितंबर 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com



## अभिनंदन वर्धमान की नई पारी: पाकिस्तान का फाइटर जेट मार गिराने वाले वायुवीर, अब इस एयरलाइन के साथ भरेंगे उड़ान

पूर्व वायुसेना ग्रुप कैप्टन और वीर चक्र विजेता अभिनंदन वर्धमान ने अब अपने करियर की नई पारी शुरू की है। 2019 में पाकिस्तान के साथ हवाई संघर्ष के बाद सुर्खियों में आए अभिनंदन अगस्त में क्षेत्रीय एयरलाइन एफएलवाई91से पायलट के तौर पर जुड़े।




भारतीय वायुसेना के पूर्व ग्रुप कैप्टन और वीर चक्र से सम्मानित अभिनंदन वर्धमान ने अब विमानन क्षेत्र में नई पारी शुरू की है। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने गोवा स्थित क्षेत्रीय एयरलाइन FLY91 में पायलट के तौर पर ज्वाइन किया है। सूत्रों ने बताया कि अभिनंदन अगस्त में एयरलाइन से जुड़े। हालांकि, एफएलवाई91 के प्रवक्ता ने कर्मचारियों की निजी जानकारी का हवाला देते हुए इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अभिनंदन वर्धमान 2019 में भारत-पाकिस्तान के बीच हवाई संघर्ष के दौरान दुश्मन के एक विमान को मार गिराने के बाद चर्चा में आए थे। इसके बाद उन्हें पाकिस्तान में तीन दिन तक हिरासत में रखा गया था। हवाई मुकाबले के दौरान असाधारण कर्तव्यनिष्ठा दिखाने के लिए उन्हें 2021 में वीर चक्र से सम्मानित किया गया था। वीर चक्र भारत के तीसरे सर्वोच्च युद्धकालीन वीरता पुरस्कारों में शामिल है। पुरस्कार के प्रशस्ति पत्र में उनके कर्तव्य के प्रति असाधारण समर्पण और साहस की सराहना की गई थी।

**FLY91 के पास कितने विमान हैं?**

गोवा स्थित एफएलवाई91 ने मार्च 2024 में अपनी उड़ान सेवाएं शुरू की थीं। एयरलाइन के पास फिलहाल छह ATR 72-600 विमान हैं। कंपनी के दो प्रमुख बेस गोवा और हैदराबाद में हैं। अभिनंदन के FLY91 से जुड़ने की खबर ऐसे समय सामने आई है, जब भारतीय विमानन क्षेत्र में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी पर भी लगातार जोर दिया जा रहा है।

**अभिनंदन ने पाक के F-16 लड़ाकू विमान को मार गिराया था**

दरअसल, वायुसेना ने 26-27 फरवरी की रात पाकिस्तान के बालाकोट में एयरस्ट्राइक की थी। भारतीय सेना के हमले में 300 से ज्यादा आतंकियों की मौत हो गई थी। जिसके बाद अगले दिन ही बौखलाए पाकिस्तान की वायुसेना ने भारत में घुसने की कोशिश की, लेकिन भारतीय वायुसेना ने उसे खदेड़ दिया। उसी दौरान तत्कालीन विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान मिग-21 उड़ा रहे थे। उन्होंने इस दौरान पाकिस्तान के F-16 को मार गिराया था। हालांकि बाद में अभिनंदन का विमान पाकिस्तान की सीमा में क्रैश हो गया, जिसके बाद पाकिस्तानी सेना ने उन्हें अपनी गिरफ्त में ले लिया था। भारत के दबाव में पाकिस्तान ने करीब 60 घंटे बाद अभिनंदन को छोड़ा था। छोड़ने के बाद पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई थी।

## बंगाल: जिस ऑफिस में हुआ बिलबोर्ड विवाद, अब वहां हुई तोड़फोड़, अभिषेक बनर्जी ने न्यायपालिका से क्या अपील की?

कोलकाता में कैमक स्ट्रीट स्थित अभिषेक बनर्जी का पार्टी कार्यालय बीते कई दिनों से विवादों में है। पहले बिलबोर्ड को लेकर हुआ विवाद अभी तक शांत नहीं हुआ है कि अब उस कार्यालय में तोड़फोड़ हुई है। अभिषेक बनर्जी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि हथियारों से लैस भाजपा कार्यकर्ताओं ने तड़के उनके कैमक स्ट्रीट स्थित पार्टी कार्यालय पर हमला किया। अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि इस हमले में उनके ऑफिस में तोड़फोड़ की गई, कर्मचारियों पर हमला किया गया और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नुकसान पहुंचाया गया। टीएमसी सांसद ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में कथित हमले का वीडियो भी साझा किया और बंगाल के राज्यपाल और केंद्रीय गृह मंत्री से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की।

**अभिषेक बनर्जी ने भाजपा पर क्या आरोप लगाए?**

अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा, 'आज सुबह तड़के भाजपा ने मेरे पार्टी कार्यालय के साथ यही किया है।



क्या पश्चिम बंगाल के राज्यपाल कार्रवाई करेंगे? क्या केंद्रीय गृह मंत्री कार्रवाई करेंगे? क्या प्रधानमंत्री कार्यालय कार्रवाई करेगा? या वे आंखें मूंदते रहेंगे?'

**न्यायपालिका से संज्ञान लेने की मांग क्यों की?**

अभिषेक बनर्जी ने लिखा, अब समय आ गया है कि न्यायपालिका, खासकर कलकत्ता उच्च न्यायालय, इस घटनाक्रम का गंभीरता से संज्ञान ले और पश्चिम बंगाल में कानून के शासन को बनाए रखने के लिए कार्रवाई करे।

**सीएम शुभेंदु से किया सवाल**

अभिषेक बनर्जी ने सीएम शुभेंदु से सवाल करते हुए पूछा, 'मेरा सीएम शुभेंदु से सीधा सा सवाल है: आप तृणमूल कांग्रेस और मुझसे इतना क्यों डरते हैं कि आपको इस तरह की धमकियों का सहारा लेना पड़ रहा है? अगर बंगाल में विपक्ष के साथ हिंसा, तोड़फोड़ और धमकियों के जरिए ऐसा व्यवहार किया जाना है तो मुख्यमंत्री को अपने पद पर रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। यह लोकतंत्र नहीं है। यह राजनीतिक गुंडागर्दी है। इसके जिम्मेदार लोगों पर शर्म आती है और उन लोगों पर भी शर्म आती है, जो चुप रहना चुनते हैं। इस तरह की घटना को याद रखा जाएगा। हर हमला, हर धमकी, सत्ता का दुरुपयोग। कुछ भी नहीं भुलाया जाएगा।'

## पहाड़ से मैदान तक आफत: अगले 4 दिन और बारिश के आसार

### 12 से अधिक राज्यों में अलर्ट; भूस्खलन से कई रास्ते बंद

मध्य भारत में बने मौसम तंत्र और उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ ने बारिश की तीव्रता बढ़ा दी है। उत्तराखंड में भूस्खलन से बड़ी संख्या में मार्ग बाधित हैं और सीमावर्ती क्षेत्रों का संपर्क प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी कई राज्यों में तेज बारिश की चेतावनी दी है। मध्य भारत के ऊपर बने निम्न दबाव के क्षेत्र और उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पहाड़ से लेकर मैदान तक मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हो गया है। नदियों में उफान से ज्यादातर इलाके बाढ़ की चपेट में हैं, भूस्खलन होने से 200 से अधिक सड़कें बंद हैं और कई इलाकों से संपर्क कट गया है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक भारी बारिश की संभावना जताई है और 12 से अधिक राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते आदि कैलाश और चीन सीमा को जोड़ने वाली तवाघाट-गुंजी सड़क दो दिन से बंद है इससे व्यास घाटी का संपर्क कटा है। दारमा और चौदास घाटी को जोड़ने वाली धारचूला-तवाघाट बॉर्डर रोड पर भी आठ घंटे यातायात ठप रहा। राज्य में भूस्खलन के चलते 150 से ज्यादा सड़कों पर यातायात बाधित रहा, जिसके चलते लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। बुधवार को मूसलाधार बारिश से चार धाम यात्रा मार्ग पर भी दिन भर यातायात बाधित होता रहा। कई लिंक मार्गों के बंद होने से कई गांवों अलग-थलग पड़ गए हैं।




**अनंतनाग : गाड़ी पर गिरा पत्थर, एक पर्यटक की मौत**

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में भारी बारिश से सहार खड्ड में बाढ़ आ गई और आसपास के दर्जनों गांवों का जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क कट गया। कठुआ में 101.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। अनंतनाग जिले में पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में एक इनोवा गाड़ी के आने से ओडिशा के एक पर्यटक की मौत हो गई।

**हरियाणा में भारी बारिश**

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हरियाणा के अंबाला, रोहतक, फरीदाबाद, पलवल, कुरुक्षेत्र, कैथल व जींद के कुछ एरिया में बारिश हुई। वहीं, यमुनानगर में हथिनीकुंड बैराज के पास लापता हुए नाहन की पैराटूप यूनिट के दो कमांडो में से एक कमांडों का शव देर शाम बरामद कर लिया है। दूसरे का अभी तक सुराग नहीं लगा। सर्च टीम दो हेलिकॉप्टरों की मदद से लगातार तलाश में जुटी है।

**बिहार में नदियां उफनाई**

बिहार और नेपाल में लगातार हो रही तेज बारिश के कारण राज्य की प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। प्रशासन ने पूरे राज्य में अलर्ट जारी किया है। रोहतास जिले के इंद्रपुरी में सोन बैराज के सभी 69 फाटक खोल दिए गए हैं, जिससे भारी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है।

## कृष्णा-गोदावरी बेसिन में समुद्र के नीचे खिसकी जमीन?: भारत ने शुरू की जांच, मिले बड़े सबूत

**कृष्णा-गोदावरी बेसिन में समुद्र के नीचे बड़े भूस्खलन के सबूत मिले हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, करीब 11 घन किमी तलछट खिसकने की घटना 2009 से 2015 के बीच हुई हो सकती है। क्या समुद्र के नीचे होने वाली ऐसी घटनाएं सुनामी और तटीय इलाकों के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं? देश में पहाड़ और चट्टानें खिसकने की घटनाएं तो सामने आती रहती हैं, लेकिन समुद्र की गहराई में भी जमीन का बड़ा हिस्सा अचानक खिसकने लगा है। वैज्ञानिकों को बंगाल की खाड़ी में कृष्णा-गोदावरी बेसिन के नीचे समुद्र तल में हुए एक बेहद बड़े भूस्खलन के सबूत मिले हैं। राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान (सीएसआईआर) की रिपोर्ट के मुताबिक, घटना 2009 से 2015 के बीच की हो सकती है और इसमें करीब 11 घन किमी तलछट समुद्र की ढलान से खिसक गई थी। यही कारण है कि पहली बार सरकार ने ऐसे समुद्र के नीचे होने वाले भूस्खलन और ढलान टूटने से पैदा होने वाले खतरे को बड़े स्तर पर समझने की तैयारी शुरू कर दी है।**




इसको लेकर राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं समुद्री अनुसंधान केंद्र में देश के प्रमुख समुद्री और भू-विज्ञान विशेषज्ञों की बैठक हुई, जिसमें भारतीय समुद्री किनारों पर समुद्र के नीचे ढलान टूटने की घटनाओं, उनके कारणों और उनसे पैदा होने वाले सुनामी जैसे खतरों का आकलन करने का फैसला हुआ।


**समुद्र के अंदर भूस्खलन हुआ तो सुनामी जैसी तबाही का खतरा**

राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान के अनुसार, समुद्र के नीचे जमीन खिसकने से पानी का बड़ा हिस्सा अचानक विस्थापित हो सकता है। इससे सुनामी जैसी बड़ी समुद्री लहरें पैदा होने की आशंका है। पूर्वी भारत के समुद्री क्षेत्र में किए गए एक अन्य अध्ययन में गोदावरी बेसिन में प्राचीन समय की दो विशाल समुद्री भूस्खलन घटनाओं के सबूत मिले हैं। इनमें एक का फैलाव करीब 20,400 वर्ग किमी और दूसरे का करीब 32,000 वर्ग किमी था। दोनों घटनाओं में समुद्र के नीचे खिसकी सामग्री सैकड़ों किलोमीटर तक गई थी।

- समुद्र में कम्युनिकेशन के लिए केबलें बिछी हैं। डिजिटल युग में ये बेहद अहम हैं। समुद्री भूस्खलन इन केबलों को नुकसान पहुंचा सकता है।
- इंटरनेट और अंतरराष्ट्रीय संचार सेवाओं पर असर पड़ सकता है।

कृष्णा-गोदावरी बेसिन के अध्ययन में भी समुद्री भूस्खलन को समुद्री ढांचों, संचार केबलों और तटीय आबादी के लिए संभावित खतरा बताया गया है।

## चीनी की बढ़ती कीमतों के बीच सरकार का आयात कोटा नहीं पूरा, फिर मंगाए नये आवेदन



चीनी की कीमतों में तेजी का सीधा असर आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ खाद्य एवं पेय पदार्थ उद्योग पर भी पड़ता है। घरेलू उत्पादन और बाजार में उपलब्धता के बीच संतुलन बनाए रखना सरकार के लिए महत्वपूर्ण है।

देश में चीनी की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने और घरेलू बाजार में पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी थी। इसके लिए सरकार ने टैरिफ रेट कोटा (TRQ) योजना का सहारा लिया है। हालांकि, सरकार की ओर से तय किए गए पूरे आयात कोटे के लिए अब तक पर्याप्त आवेदन नहीं मिले हैं। 10 लाख टन के कुल घोषित कोटे में से 7,97,450 टन चीनी के आयात के लिए आवेदन प्राप्त हो चुके हैं और उनका आवंटन भी किया जा चुका है। इसके बावजूद 2,02,550 टन यानी करीब 20.25 प्रतिशत कोटा अभी भी खाली है। इसी बचे हुए कोटे को पूरा करने के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) ने योग्य चीनी मिल मालिकों और रिफाइनरों से नए आवेदन आमंत्रित किए हैं। डीजीएफटी ने 1 सितंबर 2026 को जारी अपने पब्लिक नोटिस में कहा कि 20 अगस्त 2026 को अधिसूचित 10 लाख टन के TRQ के मुकाबले पिछले नोटिस के तहत 7,97,450 टन के लिए आवेदन प्राप्त हुए और उनका आवंटन कर दिया गया। इसके बाद योजना के तहत 2,02,550 टन कच्ची चीनी का कोटा अभी उपलब्ध है। सरकार अब चाहती है कि इस शेष मात्रा के लिए भी पात्र आयातकों की पहचान जल्द की जाए, ताकि घरेलू बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ाई जा सके और कीमतों पर दबाव कम किया जा सके।

ऐसे में शुल्क मुक्त आयात के जरिए अतिरिक्त चीनी उपलब्ध कराने का उद्देश्य आपूर्ति को मजबूत करना और कीमतों में अनावश्यक तेजी को रोकना है। TRQ व्यवस्था के तहत निर्धारित मात्रा में चीनी को तय शर्तों के अनुसार आयात किया जा सकता है, जिससे घरेलू बाजार में जरूरत के मुताबिक आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलती है। अब DGFT द्वारा दोबारा आवेदन मंगाए जाने से उम्मीद है कि शेष 2,02,550 टन का कोटा भी योग्य चीनी मिल मालिकों और रिफाइनरों को आवंटित किया जा सकेगा। इससे आयात की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी और आने वाले समय में घरेलू बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ सकती है। सरकार का यह कदम ऐसे समय में महत्वपूर्ण माना जा रहा है जब चीनी की कीमतों को नियंत्रित रखना और उपभोक्ताओं को राहत देना प्राथमिकता है। साथ ही, पूरे आयात कोटे का उपयोग होने से बाजार में आपूर्ति की स्थिति बेहतर होने और कीमतों पर दबाव कम होने की संभावना है।

## Aligarh News: एएमयू के छात्र सोबान का भारतीय स्केट टीम में चयन



एएमयू स्कूल के कक्षा-11 के छात्र सोबान मीर खान का चयन विश्व स्केट चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। वह अंडर-19 वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश से सोबान का अकेले चयन हुआ है। विश्व स्केट चैंपियनशिप का आयोजन दो से 18 अक्तूबर तक असंसियन पैराग्वे में होगा। प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। भारतीय टीम में जगह बनाने के बाद सोबान अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। पढ़ाई के साथ वह लंबे समय से स्केटिंग का प्रशिक्षण ले रहे हैं। सोबान के भारतीय टीम में चयन की खबर मिलते ही परिवार में खुशी का माहौल है। सोबान समाजसेवी आजम मीर खान के पुत्र हैं।

# यूपी: एनएचएआई टोल प्लाजा पर ईडी का छापा, फर्जीवाड़े पर 14 ठिकानों पर जांच, 1.03 करोड़ बरामद




एनएचएआई टोल प्लाजा पर ईडी ने छापा मारा है। फर्जीवाड़े की शिकायत पर 14 ठिकानों पर जांच की गई। 1.03 करोड़ नकद और डिजिटल डिवाइस बरामद की गई है।नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) के अलग-अलग टोल प्लाजा पर कथित टोल कलेक्शन फर्जीवाड़े की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) के लखनऊ जोनल कार्यालय ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA), 2002 की धारा 17 के तहत उत्तर प्रदेश समेत सात राज्यों और क्षेत्रों में 14 ठिकानों पर एक साथ सर्च ऑपरेशन शुरू किया।ईडी के अनुसार, ये तलाशी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, जम्मू, मध्य प्रदेश, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) और कोलकाता में स्थित परिसरों में की जा रही है। कार्रवाई का उद्देश्य टोल कलेक्शन में कथित अनियमितताओं से जुड़े डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्य जुटाना, लाभार्थियों की पहचान करना और अपराध से अर्जित रकम का पता लगाना है।

**बिना अनुमति सॉफ्टवेयर से टोल रसीदों में फर्जीवाड़े का आरोप**

केस दर्ज होने के बाद जांच 19 मई 2025 से शुरू हुई थी। इसमें कथित तौर पर ऐसे अनधिकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के इस्तेमाल का पता चला, जिनके माध्यम से बिना अनुमति टोल रसीदें तैयार की जाती थीं। टोल से प्राप्त रकम को आधिकारिक अकाउंटिंग सिस्टम से बाहर भेजे जाने का आरोप है।ईडी के मुताबिक, फोरेंसिक जांच और NHAI से प्राप्त रिकॉर्ड में इस तरह के सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल की पुष्टि हुई है। इसके बाद एजेंसी ने मामले से जुड़े संभावित ठिकानों की पहचान कर एक साथ तलाशी की कार्रवाई शुरू की।

**1.03 करोड़ रुपये नकद और डिजिटल डिवाइस बरामद**

ईडी की कार्रवाई के दौरान अब तक सभी तलाशी वाले ठिकानों से 1.03 करोड़ रुपये नकद, संदिग्ध दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस बरामद किए गए हैं। एजेंसी इन बरामद सामग्रियों की जांच कर रही है। इससे कथित टोल फर्जीवाड़े में शामिल लोगों और पूरे नेटवर्क से जुड़ी जानकारी सामने आने की उम्मीद है।ईडी की कार्रवाई के दौरान अब तक सभी तलाशी वाले ठिकानों से 1.03 करोड़ रुपये नकद, संदिग्ध दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस बरामद किए गए हैं। एजेंसी इन बरामद सामग्रियों की जांच कर रही है। इससे कथित टोल फर्जीवाड़े में शामिल लोगों और पूरे नेटवर्क से जुड़ी जानकारी सामने आने की उम्मीद है।

# चित्रकूट में बारिश का कहर:

## अचानक ढही कच्ची दीवार, पिता और दो मासूमों की मौत, मां-बेटी घायल, अस्पताल में भर्ती

**Chitrakoot News:** सदर तहसील क्षेत्र के बराछ गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण एक कच्चा मकान ढह गया। पहाड़ी के नीचे बने इस घर में रात के समय सो रहे से पिता और दो मासूम बच्चों की मलबे में दबकर मौत हो गई। वहीं, मां और बेटी को अस्पताल पहुंचाया गया है।चित्रकूट जिले में लगातार हो रही बारिश अब काल बनकर बरस रही है। सदर तहसील क्षेत्र के बराछ गांव में एक दर्दनाक हादसे में कच्ची दीवार ढहने से पिता और उसकी दो मासूमों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पत्नी और एक बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, बराछ गांव में पहाड़ी के नीचे कल्लू यादव (32) पुत्र बब्बू का कच्चा घर बना हुआ है।



बीती रात लगातार बारिश के चलते घर की कच्ची दीवार भरभरा कर गिर गई। हादसे के समय परिवार घर के अंदर सो रहा था। दीवार के मलबे में दबने से कल्लू यादव (32), उसका बेटा अंश (5) और एक साल की दुधमुंही बेटी कल्ली की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कल्लू की पत्नी कुंता देवी (30) और चार वर्षीय बेटी अंशिका गंभीर रूप से घायल हो गई।

**आपदा राहत के तहत दी जाएगी सहायता राशि**

चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रशासन ने आपदा राहत के तहत सहायता राशि देने की बात कही है।

# यूपी: बारिश और बाढ़ की चपेट में प्रदेश,

**Weather in UP: यूपी में बाढ़ और बारिश का असर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आज भी कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है।**




प्रदेश में हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। मध्य प्रदेश व पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश से चित्रकूट व आसपास के जिलों में उफनाई मंदाकिनी का जलस्तर खतरे के निशान के नीचे आने के बाद फिर ढाई मीटर ऊपर पहुंच गया। इससे 36 गांव प्रभावित हैं। प्रयागराज में भी गंगा व यमुना नदियों के जल स्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। लखीमपुर खीरी में शारदा नदी भी खतरे के निशान से 32 सेंटीमीटर ऊपर बह रही थी। वहीं, बारिश से मकान व दीवार गिरने से प्रदेश में 15 लोगों की मौत हुई है। सीएम योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को फर्रुखाबाद के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का हवाई सर्वे करेंगे।चित्रकूट में लगातार तेज बारिश और बाढ़ के हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने तीन सितंबर को कक्षा 12 तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र और बलिया में भी प्रशासन ने बृहस्पतिवार को स्कूलों में अवकाश घोषित किया है।

अवध क्षेत्र में भी सरयू, शारदा और सई नदियों का जलस्तर बढ़ा है। बाराबंकी में सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान से दस सेमी ऊपर है। गोंडा के करनैलगंज में भी सरयू में 3.18 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से बाढ़ का खतरा बढ़ा है। रायबरेली में सई नदी में भी पानी बढ़ा है। सीतापुर में शारदा का पानी बढ़ने से रामपुर मथुरा और रेउसा में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। बहराइच में सरयू में 3.18 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से नौ गांव बाढ़ से घिर गए हैं। महसी का मौरहवा गांव कटान के मुहाने पर है। श्रावस्ती में राप्ती नदी ने कटान तेज कर दी है। अंबेडकरनगर में सरयू का जलस्तर बीते चौबीस घंटे में इक्कीस सेमी बढ़ा है। अमेठी में लगातार बारिश से गोमती नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

**इन जिलों में हुई मौतें**

दीवार गिरने से बांदा में तीन, मिर्जापुर और अमरोहा में दो-दो लोगों की मौत हुई है। फतेहपुर, हरदोई, वाराणसी, प्रतापगढ़ व प्रयागराज में एक-एक मौत हुई है। अमेठी, सीतापुर व रायबरेली में एक-एक मौत हुई है।

**150 लोगों को सुरक्षित निकाला**

चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में अचानक आई बाढ़ के बीच पीएसी और प्रशासन की टीम ने करीब 150 लोगों को सुरक्षित निकाला है। प्रभावित लोगों को भोजन और राहत सामग्री देने के साथ मेडिकल जांच भी कराई गई। राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक प्रदेश में अब तक 32 जिले बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इनमें 22 जिलों में बाढ़ का असर ज्यादा है।

# 17 करोड़ के नकली नोट: कई महीने से चल रहा था

## जाली नोटों का खेल, आरोपियों ने छापे 3.40 लाख; एक और नया खुलासा

सहारनपुर में पीएनबी की करेंसी चेस्ट में जाली नोट रखने की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे खुलासे होते जा रहे हैं। अब सामने आया है कि कई महीनों से जाली नोटों का खेल चल रहा था। आरोपियों ने 3.40 लाख जाली नोट तैयार किए। करेंसी चेस्ट में जाली नोट के मिलने का मामला सामने आने पर हर कोई हैरान हैसहारनपुर में पीएनबी की करेंसी चेस्ट में जाली नोट रखने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। चेस्ट में जाली नोट रखे जाने का खेल कई माह से चल रहा था।




प्राथमिक जांच में आया है कि एक-दूसरे के साथ मिलीभगत कर आरोपी पिछले कई माह से जाली नोटों की अदला-बदली में लगे हुए थे। अभी तक 17 करोड़ के जाली नोट मिले हैं, जो 500-500 के नोट हैं। यानी कि आरोपियों ने 3.40 लाख जाली नोट तैयार किए। करेंसी चेस्ट में जाली नोट के मिलने का मामला सामने आने पर हर कोई हैरान है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में सेंधमारी पर भी तरह-तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। जांच में अभी तक 17 करोड़ रुपये के जाली नोट पकड़े गए हैं। खास बात है कि पकड़े गए सभी नोट 500 रुपये मूल्य के हैं। 17 करोड़ रुपये के नोट छापने के लिए कुल 3,40,000 नोट छापे गए। इतनी बड़ी संख्या में नोट छापना और उन्हें असली नोट के बदले करेंसी चेस्ट में रखना सप्ताह या दस दिनों की बात नहीं है। माना जा रहा है कि यह खेल कई महीनों से चल रहा था, जिसकी भनक तक भी किसी अधिकारी को नहीं लग सकी।बताया जा रहा है कि करेंसी चेस्ट में जमा नोट सर्कुलेशन में नहीं आए थे। यदि नोट सर्कुलेशन में आते तो इसकी जानकारी पहले ही लग जाती। आरोपियों ने बड़ी सफाई से इस पूरे खेल को अंजाम दिया। करेंसी चेस्ट में जो भी बंडल आए, उन्हें बड़ी सफाई से चेस्ट में व्यवस्थित किया गया।आरोपियों ने इस बात का भी ध्यान रखा कि यदि चेस्ट से बंडलों को बैंक, एटीएम में जमा कराने के लिए भेजना भी पड़े तो एकदम से ही फर्जी नोटों वाले बंडल न चले जाएं। अभी तक की जांच में यह सामने भी आ चुका है कि स्ट्रांग रूम में रखी शुरुआती रैक में कोई भी जाली नोट नहीं मिला था। बाद वाली रैक में ही जाली नोटों की गड्डियां रखी गई थीं। आरोपियों के इतने शातिराना अंदाज से माना जा रहा है कि इस खेल की फूल प्रूफ प्लानिंग की गई थी।

**प्रयोगशाला भी भेजे जा सकते हैं कुछ नोट**

फर्जी पाए गए नोटों के आगे की जांच के लिए उन्हें विधि प्रयोगशाला भी जा सकता है। प्रयोगशाला में विशेषज्ञों द्वारा नोटों में इस्तेमाल कागज, स्याही, वॉटरमार्क और सुरक्षा धागे आदि की बारीकी से जांच की जाती है। माना जा रहा है कि मिले जाली नोट में से कुछ को प्रयोगशाला में भेजा जा सकता है। इससे स्थिति और भी स्पष्ट हो सकेगी।

# दिल्ली में मर्डर: नरेला में प्रॉपर्टी डीलर को मारी गोली,

## जिम के बाहर वारदात को दिया अंजाम; लोगों का हंगामा

नरेला इलाके में आज सुबह एक जिम के बाहर प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची।नरेला के बांकनेर गांव में बृहस्पतिवार सुबह एक जिम के बाहर प्रॉपर्टी डीलर की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त हरियाणा के राई विधानसभा क्षेत्र के नहरिया गांव निवासी प्रमोद कुमार के रूप में हुई है। सुबह में वह गांव से जिम करने के लिए आए थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि कई दिन से बदमाश उन्हें रंगदारी के लिए धमका रहे थे।पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से मृतक के रिश्तेदार और दोस्त हंगामा कर रहे हैं।



पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रमोद कुमार का मुकुल प्रॉपर्टी डीलर के नाम से कार्यालय है और गांव में उनका एक बैंक्वेट हाल है। सुबह करीब छह बजे जिम आए थे। जैसे ही वह वहां से बाहर निकले तभी बाइक सवार हमलावरों ने उनपर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी।गंभीर रूप से घायल प्रमोद को पास के अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक को पिछले कुछ दिनों से रंगदारी मांगी जा रही थी और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। इसके बाद वह नरेला के एक दोस्त की बुलेटप्रूफ गाड़ी से चल रहे थे। पुलिस ने मौके से साक्ष्य हासिल किए हैं। साथ ही आस पास की सीसीटीवी कैमरे को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।


# लखनऊ: हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर आज सजेगा राधा-

## कृष्ण का दरबार, मौके पर भी करा सकेंगे पंजीकरण; जानिए इसके नियम

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम के लिए सुबह 10:30 बजे से मौके पर ही पंजीकरण भी हो सकेगा।

कृष्ण जन्माष्टमी के उल्लास के बीच हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर बृहस्पतिवार को ''''घर-घर कान्हा-राधा'''' आयोजन में बृहस्पतिवार को नन्हे-मुन्ने राधा-कृष्ण के रूप में नजर आएंगे। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम के लिए सुबह 10:30 बजे से मौके पर ही पंजीकरण भी हो सकेगा। मुख्य आयोजन सुबह 11:30 बजे से होगा।



प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली पांच राधा-कृष्ण जोड़ियों के साथ पांच कृष्ण और पांच राधाओं को अलग-अलग पुरस्कृत किया जाएगा। निर्णायक मंडल परिधान, साज-शृंगार और बच्चों की अभिव्यक्ति के आधार पर चयन करेगा।

**दो आयु वर्ग में होंगे प्रतिभागी**

प्रतियोगिता दो वर्गों में होगी। पहले वर्ग में तीन वर्ष तक के बच्चे हिस्सा लेंगे। दूसरे वर्ग में तीन वर्ष से अधिक से लेकर सात वर्ष तक के बच्चे हिस्सा ले सकेंगे। बच्चों को घर से राधा या कृष्ण के रूप में तैयार करके लाना होगा। दो बच्चों को राधा-कृष्ण की जोड़ी के रूप में भी शामिल किया जा सकता है। मित्र, पड़ोसी या रिश्तेदार के बच्चों के साथ भी जोड़ी बनाई जा सकती है। एक बच्चा होने पर आयोजन स्थल पर ही आपसी सहमति से जोड़ी बनाई जा सकेगी।

**मेट्रो के गेट नंबर-1 से होगा प्रवेश**

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। जिन लोगों ने पहले पंजीकरण नहीं कराया है, वे आयोजन स्थल पर भी पंजीकरण करा सकेंगे। प्रतिभागियों को हजरतगंज मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 (रॉयल कैफे की ओर) से प्रवेश करना होगा।



## अमेरिका: जन्मसिद्ध नागरिकता पर ट्रंप को बड़ा झटका, जज ने नया आदेश रोका; सुप्रीम कोर्ट के फैसले का दिया हवाला




अमेरिका में जन्मसिद्ध नागरिकता को सीमित करने की ट्रंप की नई कोशिश को संघीय जज ने रोक दिया। जज डेबोरा बोर्डमैन ने सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसले का हवाला दिया। आखिर ट्रंप के आदेश में क्या था और परिवारों को किस बात का डर था? आइए, जानते हैं...अमेरिका में जन्मसिद्ध नागरिकता को सीमित करने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई कोशिश को बड़ा झटका लगा है। मैरीलैंड की संघीय जज डेबोरा एल. बोर्डमैन ने ट्रंप प्रशासन के नए कार्यकारी आदेश पर रोक लगाते हुए प्रारंभिक निषेधाज्ञा जारी की है। जज ने यह रोक उस समय लगाई जब अप्रवासी परिवारों और अधिकार समूहों की ओर से दायर क्लास-एक्शन मुकदमे पर सुनवाई चल रही है। बोर्डमैन ने अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसले का हवाला देते हुए कहा कि संबंधित श्रेणी में आने वाले बच्चे जन्म के समय अमेरिकी नागरिक हैं। हालांकि व्हाइट हाउस की ओर से इस मामले पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई।

**क्या है जन्मसिद्ध नागरिकता का नियम?**

मौजूदा अमेरिकी कानून के तहत अमेरिका की जमीन पर जन्म लेने वाले अधिकांश बच्चों को जन्म से ही अमेरिकी नागरिकता मिलती है। इसके कुछ अपवाद हैं। इस व्यवस्था की कानूनी नींव 1868 में 14वें संविधान संशोधन के लागू होने के बाद पड़ी थी। ट्रंप लंबे समय से जन्मसिद्ध नागरिकता खत्म करने की मांग करते रहे हैं। इससे पहले उन्होंने ऐसा कार्यकारी आदेश जारी किया था, जिसमें अमेरिका में अवैध रूप से या अस्थायी स्थिति में रह रहे लोगों के बच्चों को अमेरिकी नागरिकता देने पर रोक लगाने की कोशिश की गई थी। जून में सुप्रीम कोर्ट ने उस प्रयास को खारिज कर दिया था।

**नए आदेश में किन लोगों को निशाना बनाया गया?**

अगस्त में ट्रंप प्रशासन ने एक नया और सीमित दायरे वाला कार्यकारी आदेश जारी किया। इसमें कुछ खास परिस्थितियों में जन्मे बच्चों की स्वतः नागरिकता पर रोक लगाने की कोशिश की गई थी। इसमें ऐसे बच्चों का जिक्र था जिनके माता-पिता का संबंध विदेशी दूतावासों या संगठनों से हो अथवा जिन्हें अमेरिका का 'विदेशी दुश्मन' माना जाए। आदेश में 'बर्थ टूरिज्म' की भी बात की गई थी। इसका मतलब ऐसे व्यक्ति से है जो अमेरिका में बच्चे को जन्म देने के उद्देश्य से गैर-आप्रवासी वीजा पर देश में प्रवेश करता है। अमेरिकी नियमों में पहले से ही ऐसी स्थिति को वीजा संबंधी कार्रवाई का आधार माना जा सकता है, यदि किसी व्यक्ति ने विशेष रूप से बच्चे को अमेरिकी नागरिकता दिलाने के उद्देश्य से वीजा हासिल किया हो।

**परिवारों को किस बात का डर था?**

नए आदेश को चुनौती देने वाले परिवारों और संगठनों ने अदालत में कहा कि इसके कारण कई परिवारों में असमंजस और डर पैदा हुआ। कुछ परिवारों को आशंका थी कि उनके बच्चों को केवल इसलिए नागरिकता से वंचित किया जा सकता है क्योंकि उन्होंने अमेरिका आने के लिए हवाई टिकट खरीदा और वहां पहुंचने के बाद गर्भधारण हुआ। याचिकाकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि कार्यकारी शाखा किसी व्यक्ति को 'विदेशी दुश्मन' मानने के लिए व्यापक नजरिया अपना रही है और कुछ मामलों में अनुमान या गलत जानकारी पर भी निर्भर किया जा सकता है। कुछ परिवारों ने चिंता जताई कि उनके बच्चों की नागरिकता इसलिए प्रभावित हो सकती है क्योंकि उनके विस्तारित परिवार का कोई सदस्य अपने देश में किसी गिरोह से जुड़ा था, जबकि माता-पिता खुद किसी गिरोह के सदस्य नहीं थे।

**जज ने प्रशासन की दलील क्यों खारिज की?**

ट्रंप प्रशासन के वकीलों ने अदालत से कहा कि आदेश को रोकने की मांग अभी समय से पहले है। उनका तर्क था कि इसे लागू करने वाली संघीय एजेंसियां अभी जारी नहीं हुई आधिकारिक गाइडलाइन के आधार पर उचित तरीके से कार्रवाई करेंगी। जज बोर्डमैन ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि गाइडलाइन चाहे कुछ भी कहे, 2026 का कार्यकारी आदेश एजेंसियों को बच्चों की कई श्रेणियों को नागरिकता संबंधी दस्तावेज देने से रोकने का निर्देश देता है।

## पिघलेंगे ग्लेशियर, डूबेंगे शहर: यूएन ने चेताया- पेरिस समझौते में तय 1.5 डिग्री की सीमा पार; कैसे रुकेगी तबाही?

संयुक्त राष्ट्र की नई रिपोर्ट ने जलवायु संकट की गंभीरता को लेकर चेतावनी दी है। मौजूदा रुझानों के कारण वैश्विक तापमान में और वृद्धि की आशंका है, जिसका असर बर्फीले क्षेत्रों से लेकर समुद्र किनारे बसे शहरों तक दिखाई देगा। तापमान बढ़ने के साथ समुद्र का स्तर ऊपर जाने, खाद्य उत्पादन घटने और प्राकृतिक तंत्रों को नुकसान पहुंचने का जोखिम बढ़ेगा। आने वाले समय में धरती का तापमान कम से कम 1.8 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ना तय है। अगर तापमान इस स्तर तक पहुंचता है, तो भारी मात्रा में ग्लेशियर पिघलेंगे, समुद्र का जलस्तर बढ़ेगा और दुनिया भर के तटीय शहरों तथा इंसानी जीवन पर हाहाकार मच जाएगा। अब तापमान साल 2015 के पेरिस समझौते में तय किए गए 1.5 डिग्री सेल्सियस के सुरक्षित दायरे से कहीं आगे निकल चुका है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की एक नई रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, तापमान में होने वाली हर एक अतिरिक्त वृद्धि चरम मौसम, ग्लेशियरों के पिघलने, पारिस्थितिकी तंत्र के नुकसान और तटीय शहरों के डूबने के खतरे को और खतरनाक रूप से बढ़ा देगी। यूएन की पहले जारी अन्य रिपोर्टों में भी चेताया जा रहा था कि अगर तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से ऊपर गया, तो परिणाम अच्छे नहीं होंगे।




- **ग्लेशियरों के पिघलने का खतरा और समुद्र का बढ़ता जलस्तर**

अगर धरती का तापमान औद्योगिक क्रांति से पहले के मुकाबले 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया, तो साल 2100 तक एक चौथाई से ज्यादा ग्लेशियर पिघल जाएंगे। इससे समुद्र का जलस्तर 13 सेंटीमीटर तक ऊपर आ जाएगा। अगर हालात ऐसे ही रहे, तो 2050 तक वैश्विक खाद्य उत्पादन में 14 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।

**अभी भी तापमान के घटने की उम्मीद**

रिपोर्ट के अनुसार, इस सदी में औसत वैश्विक तापमान को वापस 1.5 डिग्री सेल्सियस पर तभी लाया जा सकता है जब तापमान लगभग 1.8 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहे। साथ ही नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को छोड़ना संभव नहीं है और जीवाश्म ईंधनों के उपयोग को रोकने के साथ-साथ वनों के विस्तार जैसे कार्बन अवशोषण के उपाय भी करने होंगे।

**मानव स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और अर्थव्यवस्था को भी गंभीर नुकसान**

बढ़ते तापमान से मानव स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, बुनियादी ढांचा और अर्थव्यवस्थाएं भी गंभीर रूप से प्रभावित होंगी और कई नुकसान पूरी तरह अपरिवर्तनीय होंगे। इस संकट से बचने का एकमात्र रास्ता यह है कि तापमान में पहले कुछ समय के लिए भले ही बढ़ोतरी हो जाए, लेकिन फिर हम मिलकर प्रदूषण को इस हद तक घटाएं कि तापमान अपने चरम (सबसे ऊपरी स्तर) पर पहुंचकर वापस नीचे आ जाए। इसके लिए ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में तत्काल और भारी कटौती के साथ-साथ वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को हटाने के कड़े उपायों की आवश्यकता है।

**नई नीतियों की सख्त जरूरत : विशेषज्ञ**

प्रशांत महासागर के युवा जलवायु कार्यकर्ताओं की ओर से बोलते हुए विशाल प्रसाद ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत एक कानूनी जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि 1.5 डिग्री की सीमा में रहना कोई विकल्प नहीं, बल्कि कानूनी अनिवार्यता है, इसलिए जीवाश्म ईंधन के विस्तार को तुरंत रोकना ही होगा। वहीं, इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) की सह-अध्यक्ष प्रो. डेबरा रॉबर्ट्स ने कहा कि जलवायु से निपटने के हमारे पुराने तरीके अब काम नहीं आएंगे। हमें अपनी नीतियों और व्यवस्थाओं को पूरी तरह से बदलना होगा।

## विदेश के समाचार: अमेरिका के वर्जीनिया के प्राथमिक स्कूल में गोलीबारी, एक वयस्क घायल; सभी बच्चे सुरक्षित




अमेरिका के वर्जीनिया राज्य के एक प्राथमिक स्कूल में बुधवार सुबह हुई गोलीबारी में एक वयस्क घायल हो गया। घटनास्थल पर पहुंचे एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई बच्चा घायल नहीं हुआ है। वायनेसबोरो सिटी काउंसिल के सदस्य जिम वुड ने फोन पर बताया कि यह घटना अलग-थलग थी और गोली चलाने वाला अब कोई खतरा नहीं है। वुड के निर्वाचन क्षेत्र में वेस्टवुड हिल्स एलीमेंट्री स्कूल आता है। उन्होंने संदिग्ध की स्थिति के बारे में अधिक जानकारी देने से इनकार किया। वुड ने कहा, "यह दो लोगों के बीच हुई घटना है।" वह बुधवार सुबह पास में आयोजित एक कार्यक्रम में मौजूद थे और सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद वह एक चर्च गए, जहां उन्होंने बताया कि बच्चों को उनके परिवारों से मिलवाया जा रहा था। वुड ने कहा कि घायल वयस्क को अस्पताल ले जाया गया है और उसकी चोटें जानलेवा नहीं हैं। वर्जीनिया राज्य पुलिस की प्रवक्ता रॉबिन लॉसन ने भी पुष्टि की कि शुरुआती जानकारी के अनुसार एक वयस्क घायल हुआ है और किसी बच्चे को नुकसान नहीं पहुंचा है। वायनेसबोरो पुलिस ने अभी तक गोलीबारी के संबंध में विस्तृत बयान जारी नहीं किया है। हालांकि, लॉसन ने कहा कि बुधवार दोपहर तक पुलिस की ओर से बयान जारी किया जाएगा। वुड ने कहा कि वह संदिग्ध की पहचान नहीं बता सकते और यह भी पुष्टि नहीं कर सकते कि उसका घायल व्यक्ति से कोई संबंध था या नहीं।

**हमले से रूस पर भड़का जर्मनी, राजनयिक तलब**

जर्मनी ने पिछले महीने लीपजिग एयरपोर्ट पर हुए ड्रोन हमले के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया है। इसके जवाब में बर्लिन ने एक रूसी वाणिज्य दूतावास और सांस्कृतिक केंद्र को बंद करने का आदेश दिया है। जर्मन सरकार का कहना है कि वह रूस की किसी भी जवाबी कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है, पर मास्को के ये हाइब्रिड हमले अपने राजनीतिक उद्देश्यों में सफल नहीं होंगे। इस बीच रूसी विदेश मंत्रालय ने मास्को में जर्मनी के कार्यवाहक राजदूत को तलब किया है। बुधवार देर रात जर्मनी के दक्षिणी शहर आग्सबर्ग में रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात वस्तु में हुए धमाके में दो यूक्रेनी नागरिक घायल हो गए।

**जमीन के 1.6 किलोमीटर नीचे मिला अदृश्य कण, डार्क मैटर की खोज में जुटे वैज्ञानिकों को मिला अहम सिग्नल**

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में डार्क मैटर की खोज भौतिकविदों ने अमेरिका के साउथ डकोटा में जमीन से करीब 1.6 किलोमीटर (1 मील) नीचे एक बेहद दुर्लभ और रहस्यमयी 'अदृश्य कण' की टक्कर को रिकॉर्ड किया है। यह प्रयोग अमेरिका के साउथ डकोटा की एक पुरानी सोने की खदान में बने एक कक्ष में चल रहा है। डिटेक्टर मशीन का नाम लुक्स जेपलिन है, जिसे दुनिया का सबसे संवेदनशील डार्क मैटर डिटेक्टर माना जाता है। इस महा-डिटेक्टर के मुख्य टैंक में 7 टन (कुल क्षमता लगभग 10 टन) अत्यधिक शुद्ध लिक्विड जेनॉन गैस को माइनस 108 डिग्री सेल्सियस पर जमाकर रखा गया है। डार्क मैटर के कणों को डब्लूआईएमपी (वीकली इंटरेक्टिंग मैसिव पार्टिकल्स) कहा जाता है। ये कण सामान्य पदार्थ (जैसे इंसानों, दीवारों या ग्रहों) के आर-पार बिना छुए निकल जाते हैं, लेकिन इस प्रयोग के दौरान एक अनोखी घटना दर्ज की गई।

**जेनॉन से टकराया अदृश्य कण**

वैज्ञानिकों के प्रयोग के दौरान एक रहस्यमयी अदृश्य कण सीधे आकर जेनॉन के एक परमाणु के नाभिक (न्यूक्लियस) से टकराया। इसी दौरान रोशनी की एक हल्की सी चमक और इलेक्ट्रॉनों की बौछार पैदा हुई, जिसे वहां लगे सुपर-सेंसिटिव कैमरों ने पकड़ लिया। डार्क मैटर ब्रह्मांड के कुल हिस्से का लगभग 27 प्रतिशत है, लेकिन आज तक इसे सीधे कभी देखा या पकड़ा नहीं जा सका है।

**खून को भी अब जवान बनाएगी दवा, दूर होगा बुढ़ापा**

बिना खून बदले बुढ़ापे की रफ्तार थामने का दावा किया गया है। अमेरिकी स्टार्टअप जनरेशन लैब का कहना है कि उसके 1 जनरेशन इंजेक्शन में दो पहले से स्वीकृत दवाओं का मिश्रण है। यह खून में उम्र बढ़ने से जुड़े कारकों को निष्क्रिय कर कोशिकाओं की मरम्मत में मदद कर सकता है। कंपनी अब 100 से ज्यादा लोगों पर इसका परीक्षण करने की तैयारी में है। इंजेक्शन लेने वाले कुछ लोगों ने मानसिक स्पष्टता, ऊर्जा, आंखों की रोशनी और जोड़ों के दर्द में सुधार महसूस होने का दावा किया है। कंपनी ने इंजेक्शन में इस्तेमाल दोनों दवाओं के नाम भी अभी गुप्त रखे हैं। इस शोध के पीछे वैज्ञानिक इरिना कॉनबॉय का वर्षों पुराना काम है। 2005 में उनके चूहों पर प्रयोग में जवान रक्त के संपर्क से बूढ़े चूहों के कुछ ऊतकों में सुधार देखा गया था। बाद के प्रयोगों में जवान खून के बिना भी बूढ़े प्लाज्मा में बदलाव से ऐसे प्रभाव मिले।

इंसानी परीक्षण पर विशेषज्ञों की नजर : विशेषज्ञों की नजर अब इंसानी परीक्षण पर है। अभी यह साबित नहीं हुआ है कि इंजेक्शन इंसानों में बुढ़ापा रोक सकता है या लंबे समय तक सुरक्षित है। एजेंसियों खास है प्रयोग बुढ़ापे का कारण सिर्फ उम्र नहीं, बल्कि खून में बदलता रासायनिक वातावरण भी हो सकता है। इसी विचार पर यह उपचार विकसित किया जा रहा है। इंजेक्शन में कौन-सी दो दवाएं हैं, यह अभी सार्वजनिक नहीं है। बड़े नियंत्रित परीक्षण और वैज्ञानिक समीक्षा के बाद ही इसके असर का पता चलेगा।

## मुस्लिम नाटो में शामिल होने के करीब ढाका: ऑपरेशन सिंदूर से बेचैन पाकिस्तान की नई चाल; भारत की बढ़ेगी चिंता?




बांग्लादेश के मक्का रक्षा गठबंधन में शामिल होने के संकेतों के बीच पाकिस्तान से उसकी नजदीकी तेजी से बढ़ी है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के सैन्य और सुरक्षा संपर्क भी बढ़े हैं। क्या पाकिस्तान अब इस्लामी देशों के नए सुरक्षा नेटवर्क के जरिये भारत पर दबाव बनाने की तैयारी में है? पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये की अगुवाई वाले मक्का रक्षा गठबंधन में बांग्लादेश भी शामिल होने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। ढाका में तमाम मंत्रियों ने ऐसे बयान दिए हैं, जिनसे इसके पुख्ता संकेत मिलते हैं कि बांग्लादेश मक्का रक्षा गठबंधन में शामिल होने की तैयारी कर रहा है। यह साफतौर पर देखा जा सकता है कि ऑपरेशन सिंदूर में पिटने के बाद पाकिस्तान ने अपने रणनीतिक विकल्पों का विस्तार करने की नीति अपनाई है। इधर सोमवार को इस्तांबुल में मुस्लिम नाटो देशों की पहली अहम बैठक में गठबंधन को संस्थागत ढांचा देने पर सहमति बनी। इस बैठक में अन्य मित्र देशों को गठबंधन से जोड़ने का रोडमैप बनाने का फैसला भी हुआ।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद आई तेजी** : ऑपरेशन सिंदूर के बाद ढाका और इस्लामाबाद के बीच सैन्य और सुरक्षा संपर्कों में उल्लेखनीय तेजी आई है। दोनों देशों की सेनाओं और खुफिया तंत्र के बीच बनी नजदीकी एक बड़े बहुपक्षीय सुरक्षा ढांचे की ओर बढ़ती दिख रही है। मई 2025 के बाद दोनों देशों के बीच कम से कम 7 प्रमुख सैन्य और सैन्य-खुफिया स्तर के संपर्क सामने आए हैं। अगस्त 2025 में बांग्लादेश के लेफ्टिनेंट जनरल एमडी फैजुर रहमान ने रावलपिंडी में पाकिस्तान के ज्वाइंट चीफ्स चेयरमैन जनरल साहिर शमशाद मिर्जा से मुलाकात की, अक्तूबर में पाकिस्तानी सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने ढाका में तीनों सेना प्रमुखों से बैठकें कीं, नवंबर में दोनों देशों की सेनाओं के बीच आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ वार्ता की शुरुआत हुई। जनवरी 2026 में बांग्लादेशी वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल हसन महमूद खान पाकिस्तान गए, जेएफ-17 विमान, साइबर कमांड और एयरस्पेस पार्क का दौरा किया।

- **बयानों में छिपे संकेत** 20 अगस्त : तत्कालीन विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर ने कहा कि ढाका का विकल्प खुला है।
- 24 अगस्त : विदेश राज्य मंत्री बने कबीर ने कहा कि वह मक्का रक्षा समझौते को सकारात्मक रूप से देख रहे हैं।
- 27 अगस्त : विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने संसद में कहा कि बांग्लादेश इस पर सकारात्मक विचार करेगा।
- 29 अगस्त : कानून मंत्री एम असदुज्जमान ने कहा कि- भारत अपने हिसाब से चलेगा और बांग्लादेश अपने हिसाब से।
- 30 अगस्त : हुमायूं कबीर ने फिर कहा कि मक्का गठबंधन में शामिल होने में कोई जोखिम नहीं दिखता।

**भारत की चिंता बढ़ा रही नजदीकी**

भारत के लिए मुख्य चिंता रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच गहरे होते संबंध हैं। यदि बांग्लादेश मक्का रक्षा समझौते में शामिल होता है,

# क्या नेटवर्किंग से कतराते हैं भारत के जेन-जी?: 83% युवा पेशेवरों ने बनाई दूरी, जानिए वजह

भारत के 83 फीसदी जेन-जी पेशेवर नेटवर्किंग से कतराते हैं। आखिर नए लोगों से जुड़ने में उन्हें किस बात का डर सता रहा है? आश्चर्य की बात है कि यही झिझक उन्हें नौकरी और करियर के कई बड़े मौकों से दूर कर रही है। पढ़िए रिपोर्ट




**जान-पहचान से नौकरी पाना आसान**

आंकड़ों के अनुसार, जेन-जी को नौकरी मिलने की संभावना उन लोगों के मुकाबले 8.5 गुना अधिक होती है, जिनकी कंपनी के भीतर जान-पहचान होती है। इसके बावजूद, सही मार्गदर्शन न मिलने के कारण युवा इस बड़े लाभ से वंचित रह जाते हैं।

**छोटी बातों से बनता है भरोसा**

नेटवर्किंग का मतलब सिर्फ अनजान लोगों से संपर्क करना नहीं है। समय के साथ, छोटी-छोटी बातचीत से भरोसा बनता है, आपका दायरा बढ़ता है। इससे आपको मौके, नई जानकारी और जरूरत के समय मदद मिल सकती है। -निराजिता बनर्जी, कॅरिअर एक्सपर्ट, लिंक्डइन

**मदद के लिए तैयार**

**92% मिलेनियल्स और 95% जेन-एक्स मदद को तैयार रहते हैं। चाहे वह अंजान ही क्यों ना हो।**

यूं तो जेन-जी को इंटरनेट फ्रेंडली माना जाता है, लेकिन एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत के 83 फीसदी जेन-जी पेशेवर नेटवर्किंग से कतराते हैं, यानी वे उन लोगों को नहीं जुड़ते जो कॅरिअर बनाने में उनकी मदद कर सकते हैं। इसके सबसे बड़े कारण युवा पेशेवरों का यह सोचना है कि उन्हें गलत आंका जाएगा या दूसरों को क्यों नाहक परेशान करें। लिंक्डइन की रिपोर्ट के मुताबिक, 44 फीसदी जेन-जी पेशेवरों को गलत आंके जाने का डर, 39% को दूसरों को परेशान करने की चिंता और 37 फीसदी को बनावटी लगने का डर जरूरी सलाह लेने, लोगों से जुड़ने और नए मौकों का फायदा उठाने से रोक रहा है। एजेंसी रिपोर्ट में सामने आया है कि 79 फीसदी युवा पेशेवर रिश्तों की अहमियत समझते हैं, लेकिन 52 फीसदी को बात शुरू करने का तरीका ही नहीं पता।59 फीसदी जेन-जी का कहना है कि उन्हें किसी ने पेशेवर रिश्ते बनाना नहीं सिखाया, जिससे यह तय करना मुश्किल होता है कि किससे, कब और क्या कहकर संपर्क किया जाए।

44% जेन-जी को दूसरों के आंके जाने डर है

39% लोग इस चिंता से पीछे हट जाते हैं कि वे दूसरों को परेशान कर रहे हैं

37% लोगों को बनावटी लगने का सताता है डर

## एक्सप्लेनर: जीडीपी आंकड़ों पर क्यों उठे सवाल? सरकार ने 7.8% की वृद्धि का दिया हिसाब; 2.6% के दावे को बताया गलत




जीडीपी के नए आंकड़ों में 7.8% की तेज वृद्धि ने कई सवाल खड़े किए हैं। सरकार ने 2.6% वृद्धि के दावे को गलत बताते हुए नई गणना पद्धति और 2022-23 के आधार वर्ष को वजह बताया है। विनिर्माण, महंगाई और खनन के आंकड़ों पर उठे सवालों का सरकार ने क्या जवाब दिया? पढ़िए रिपोर्टकेंद्र सरकार ने हाल ही में जारी अप्रैल-जून 2026 तिमाही के जीडीपी आंकड़ों को लेकर उठ रहे सवालों पर स्पष्टीकरण जारी किया है। सरकार का कहना है कि 2011-12 आधार वर्ष वाले आंकड़ों की तुलना 2022-23 आधार वर्ष वाले आंकड़ों से करना पूरी तरह गलत है।क्या सरकार ने पुराने जीडीपी आंकड़े घटाकर नई वृद्धि दर बढ़ा दी

पहले जीडीपी की गणना 2011-12 आधार वर्ष पर होती थी। बाद में इसे 2022-23 कर दिया गया। नए डाटा, पद्धति और नए इंडेक्स शामिल किए गए। 2011-12 आधार वर्ष वाले आंकड़ों की तुलना 2022-23 आधार वर्ष वाले आंकड़ों से करना सही नहीं है। खनन क्षेत्र में उत्पादन घटा, फिर आय कैसे बढ़ी: सरकार ने कहा, उत्पादन बहुत ज्यादा नहीं बढ़ा,

**क्या विनिर्माण सेक्टर में कीमतें घटी हैं?**

जवाब है नहीं। पहली तिमाही में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का इम्प्लिसिट जीवीए डिफ्लेटर 1.5% रहा। यह सभी वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में होने वाले बदलावों को मापने का पैमाना है। कई लोगों ने इसे कीमतों में कमी मान लिया। सरकार अब डबल डिफ्लेशन पद्धति इस्तेमाल कर रही है, जिसमें तैयार व कच्चे माल दोनों की कीमतों का अलग-अलग हिसाब लगाया जाता है। अगर कच्चे माल की कीमतें तैयार माल की कीमतों से ज्यादा तेजी से बढ़ती हैं, तो जीवीए डिफ्लेटर नकारात्मक दिख सकता है।जीडीपी आंकड़ों में हैरान करने वाले आंकड़ों का मुख्य कारण नई गणना पद्धति और नया आधार वर्ष है।

विनिर्माण में नरमी का मतलब कीमतों में गिरावट से नहीं है।

अर्थव्यवस्था में कीमतों का प्रभाव दिखाती है। इसमें उपभोग, निवेश, सरकारी खर्च, निर्यात, बैंकिंग, आईटी और रियल एस्टेट जैसी सेवाएं भी शामिल होती हैं। अगर कच्चा तेल और धातुएं तेजी से बढ़ रही हों, लेकिन कुछ सेवा क्षेत्रों में महंगाई कम हो, तो जीडीपी मुद्रास्फीति, खुदरा व थोक महंगाई से अलग दिख सकता है। जब बैंकों के पास सस्ती विदेशी मुद्रा आई तो उन्होंने थोक जमा ब्याज दरों में कटौती कर दी। लेकिन खनिजों की कीमतों में भारी उछाल आया। धातु कीमतें भी 20% से ज्यादा बढ़ीं। इसलिए कम उत्पादन होने के बावजूद मूल्य बढ़ गया।

## उबर में 3400 कर्मचारियों की छंटनी: ग्लोबल वर्कफोर्स में 10% की कटौती की तैयारी, भारत में किनकी जाएगी नौकरी?




उबर ने अपने संगठनात्मक ढांचे में बड़े बदलाव की घोषणा करते हुए दुनियाभर में कर्मचारियों की संख्या घटाने का फैसला किया है। कंपनी के अनुसार, प्रबंधन की अतिरिक्त परतों और कामकाज में बढ़ती जटिलता को कम करना इस कदम का प्रमुख उद्देश्य है। वार्षिक रिपोर्ट में दर्ज करीब 34 हजार कर्मचारियों के आधार पर लगभग 3,400 पद प्रभावित हो सकते हैं।उबर टेक्नोलॉजीज अपने वैश्विक कार्यबल में करीब 10 प्रतिशत की कटौती करने जा रही है। कंपनी ने यह फैसला अपने कामकाज में बदलाव और संचालन को अधिक सरल बनाने के उद्देश्य से लिया है। कंपनी के हालिया आंकड़ों के आधार पर इस कटौती से करीब 3,उबर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दारा खोसरोशाही ने कर्मचारियों को भेजे एक ज्ञापन में कहा कि कंपनी प्रबंधन के स्तरों को कम कर रही है, टीमों की संरचना को सरल बना रही है और अपनी वैश्विक उपस्थिति की रणनीति में बदलाव कर रही है।400 नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं।उबर कर्मचारियों के पदों को कम संख्या वाले प्रमुख शहरों में भी केंद्रित कर रही है। वैश्विक टीमों को न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को में रखा जाएगा, जबकि क्षेत्रीय, देश और प्रौद्योगिकी टीमों को तय क्षेत्रीय और प्रौद्योगिकी केंद्रों में केंद्रित किया जाएगा।

**छंटनी को लेकर कंपनी ने दिया क्या जवाब?**

दारा खोसरोशाही ने लिखा, "इसके नतीजे के तौर पर हम अपनी टीम के आकार में करीब 10 प्रतिशत की कमी करेंगे। जिन लोगों की भूमिकाएं प्रभावित हुई हैं, उन्हें पहले ही इसकी जानकारी दी जा चुकी है। हालांकि, उन देशों में स्थानीय प्रक्रिया के तहत यह कदम उठाया जाएगा, जहां ऐसा करना जरूरी है।"खोसरोशाही ने कहा, "हमारे पास उबर को करोड़ों और लोगों तक पहुंचाने, चालकों, डिलीवरी कर्मियों और कारोबारियों में और अधिक निवेश करने तथा अपने मुख्य कारोबार में नवाचार करने और स्वचालित भविष्य के निर्माण का अवसर है। इन कामों के लिए हमें यह तय करना होगा कि अपने कर्मचारियों, समय और पूंजी का इस्तेमाल कहां किया जाए।"

**किन पदों पर गिरी छंटनी की गाज?**

उबर ने मुख्य रूप से समन्वय से जुड़े पदों में कटौती की है और प्रबंधन के स्तरों को कम किया है। इसके तहत प्रबंधकों की जिम्मेदारियां बढ़ाई गई हैं, खासकर उन छोटी टीमों के मामलों में जहां उनके अधीन केवल एक या दो कर्मचारी थे। कंपनी ने कहा कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी से सात या उससे अधिक स्तर नीचे काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या में 20 प्रतिशत की कमी की गई है। वहीं, ऐसी छोटी टीमों की संख्या करीब 50 प्रतिशत घटाई गई है।इसके अलावा, उबर अपने डिलीवरी कारोबार की तीन अलग-अलग टीमों को मिला रही है। इनमें रेस्तरां, खुदरा और प्रत्यक्ष डिलीवरी से जुड़ी टीमें शामिल हैं।

## आरबीआई: प्रवासी भारतीयों ने भारत में जमा किए 127.23 अरब डॉलर, जानिए रिजर्व बैंक ने क्या बताया




रिजर्व बैंक की विशेष विदेशी मुद्रा अदला-बदली सुविधा के तहत प्रवासी भारतीयों ने 31 अगस्त, 2026 तक 127.23 अरब डॉलर के एफसीएनआर-बी जमा किए। कुल विदेशी मुद्रा प्रवाह 136.377 अरब डॉलर रहा, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक मजबूत संकेत है। भारतीय रिजर्व बैंक की विशेष डॉलर-रुपये विदेशी मुद्रा अदला-बदली सुविधा के तहत भारत को बड़ा निवेश मिला है। प्रवासी भारतीयों ने 31 अगस्त, 2026 तक 127.23 अरब डॉलर के फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (बैंक) जमा किए हैं। यह सुविधा 8 जून, 2026 को शुरू की गई थी। रिजर्व बैंक ने मजबूत प्रतिक्रिया के कारण इसकी अंतिम तिथि एक महीने पहले कर दी।रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 31 अगस्त तक देश में कुल विदेशी मुद्रा प्रवाह 136.377 अरब डॉलर रहा। इसमें फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (बैंक) जमा का हिस्सा 127.226 अरब डॉलर (अनंतिम) रहा। यह योजना के प्रति अनिवासी भारतीयों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को दर्शाता है। बैंकों ने इन विदेशी मुद्रा जमा को जुटाने के लिए आकर्षक ब्याज दरें पेश की थीं। इस मजबूत प्रतिक्रिया के कारण ही रिजर्व बैंक ने एफसीएनआर (बी) जमा की अवधि को 30 सितंबर से 31 अगस्त, 2026 तक बंद कर दिया।यह सुविधा भारत के बाहरी क्षेत्र की स्थिति को मजबूत करने के लिए लाई गई थी। इसका उद्देश्य वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं के बीच विदेशी मुद्रा तरलता का समर्थन करना भी था। इन उपायों से देश में विदेशी मुद्रा प्रवाह में भारी वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक ने अपने उद्देश्यों को समय से पहले ही प्राप्त कर लिया है। इस कदम से भारत की आर्थिक स्थिरता को बल मिला है। यह वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (बैंक) जमा विदेशी मुद्रा-मूल्यवर्गित सावधि जमा होते हैं। इनमें मूलधन और ब्याज दोनों का भुगतान उसी विदेशी मुद्रा में किया जाता है। यह जमा भारतीय बैंकों में रखे जाते हैं। इन जमाओं पर मिलने वाला ब्याज भी विदेशी मुद्रा में ही होता है। इस योजना के तहत बैंकों ने प्रवासी भारतीयों को बेहतर ब्याज दरें दी थीं।

## सोने-चांदी में कमजोरी: दिल्ली में 2700 रुपये टूटा सोना, पांच दिनों में ₹8,900 की गिरावट, जानिए अब आगे क्या




**आज सोने और चांदी के भाव में कितनी बड़ी गिरावट आई है?**

स्थानीय सर्राफा डीलरों के अनुसार, मंगलवार को दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,700 रुपये गिरकर 1,58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुई। यह सोने का लगभग दो सप्ताह का निचला स्तर है। इससे पहले सोमवार को सोना 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दिलचस्प बात यह है कि सोना ठीक इसी तरह के निचले स्तर पर पिछले महीने 19 अगस्त को देखा गया था, जब इसकी कीमत 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी।केवल सोना ही नहीं, बल्कि चांदी की चमक भी आज फीकी पड़ गई है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम की भारी गिरावट के साथ 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। सोमवार को चांदी बिना किसी उतार-चढ़ाव के 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 2,700 रुपये लुढ़क कर 1.58 लाख रुपये के स्तर पर आया। पांच दिन में 8,900 रुपये की भारी गिरावट। जानिए पीएम मोदी की अपील और अमेरिकी फेड की नीति का सोने पर असर।वैश्विक बाजारों में आई भारी बिकवाली और घरेलू मोर्चे पर बदले घटनाक्रमों के बीच मंगलवार को भारतीय सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत लगातार पांचवें दिन गिरते हुए 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गई। केवल एक दिन में सोने के भाव में 2,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की भारी कटौती दर्ज की गई है। पांच दिनों से जारी इस गिरावट ने निवेशकों और आभूषण खरीदारों के बीच हलचल मचा दी है। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने सर्राफा बाजार पर दबाव बढ़ा दिया है, इसके चलते घरेलू बाजार में यह हालिया हफ्तों के निचले स्तर पर पहुंच गया है। सोने की कीमतों में जारी यह गिरावट केवल एक दिन की कहानी नहीं है, बल्कि पिछले पांच सत्रों से यह लगातार नीचे की ओर फिसल रहा है। इस बड़ी गिरावट ने अल्पावधि के निवेशकों के मुनाफे को काफी हद तक घटा दिया है

## द बोनस मार्केट अपडेट: भारतीय बाजार की मिली-जुली शुरुआत, क्या कच्चे तेल की कीमतें निवेशकों के लिए चिंता का विषय




विश्लेषकों का कहना है कि निफ्टी के लिए शुक्रवार के उच्चतम स्तर और 50-दिवसीय ईएमए (लगभग 24,190) से ऊपर लगातार बढ़ोतरी महत्वपूर्ण है। यह बढ़ोतरी आगामी सत्रों में निफ्टी को 24,300-24,350 के क्षेत्र की ओर वापसी को बढ़ावा दे सकती है। वहीं, गिरावट की स्थिति में, यदि निफ्टी साप्ताहिक निचले स्तर 24,076 से नीचे टूटता है, तो निकट अवधि का दृष्टिकोण कमजोर हो सकता है। यह स्तर बाजार के लिए एक महत्वपूर्ण समर्थन बिंदु है।टोक्यो समय के अनुसार दोपहर 12:09 बजे तक एसएंडपी 500 वायदा में थोड़ा बदलाव देखा गया। निक्केई 225 वायदा (ओएसई) में 0.4 फीसदी की गिरावट आई, जबकि जापान का टॉपिक्स 0.5 फीसदी बढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.3 फीसदी गिरा। हांगकांग का हैंग सेंग 1.1 फीसदी और शंघाई कंपोजिट 0.2 फीसदी नीचे रहे। यूरो स्टॉक्स 50 वायदा में भी 0.2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें लगातार 85 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं। यह बढ़ती कीमतें वैश्विक अर्थव्यवस्था और कंपनियों के लाभ पर दबाव डाल सकती हैं।

भारतीय शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव के बीच सकारात्मक रुख के साथ कारोबार समाप्त किया। ब्रेंट कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें निवेशकों के लिए चिंता का कारण बनी हुई हैं। जानें निफ्टी के लिए आगे क्या है और वैश्विक बाजारों का हाल। भारतीय शेयर बाजार ने पिछले शुक्रवार को उतार-चढ़ाव भरे दायरे में कारोबार किया। हालांकि, बाजार दिन के उच्चतम स्तर के करीब सकारात्मक क्षेत्र में बंद होने में सफल रहा। निवेशकों के लिए ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें 85 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रहना एक मुख्य चिंता का विषय है, जिससे बाजार की धारणा सतर्क बनी हुई है।आज, 1 सितंबर 2026 को सुबह 9:30 बजे, भारतीय बाजार में सेंसेक्स 76,952.08 पर खुला। इसमें पिछले बंद के मुकाबले 5.19 अंकों की मामूली गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी भी 24,065.05 पर खुला, जो 15.36 अंक नीचे था। घरेलू विकास में मजबूती, राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण और पोर्टफोलियो से संबंधित निवेश प्रवाह के चलते मंगलवार सुबह रुपया 26 पैसे बढ़कर 94.96 प्रति अमेरिकी डॉलर पर कारोबार कर रहा था।ऊर्जा लागत में वृद्धि से महंगाई बढ़ने की आशंका रहती है। इससे केंद्रीय बैंकों पर ब्याज दरें बढ़ाने का दबाव भी बना रह सकता है।

# पीएम मोदी और शुभेंदु अधिकारी ने उत्तम कुमार को दी श्रद्धांजलि 100वीं जयंती पर लिखा नोट



Uttam Kumar Birth Centenary: बंगाली कलाकार उत्तम कुमार की आज जन्म शताब्दी है। इस मौके पर पीएम मोदी और बंगाल के मुख्यमंत्री सुभेंदु अधिकारी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बंगाल के मुख्यमंत्री सुभेंदु अधिकारी ने बंगाली फिल्मों के दिग्गज कलाकार उत्तम कुमार को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। दोनों ने सोशल मीडिया पर उन्हें लेकर एक नोट लिखा है। तीन सितंबर 1926 को जन्मे उत्तम कुमार (असली नाम अरुण कुमार चट्टोपाध्याय) का निधन 24 जुलाई 1980 को हुआ था।

**पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि**

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'महानायक उत्तम कुमार एक ऐसे दिग्गज जिनकी सदाबहार अदाकारी अलग-अलग पीढ़ियों के लोगों को जोड़ती है। उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि।'

**पीएम ने मन की बात का हिस्सा शेयर किया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 30 अगस्त के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का एक हिस्सा भी शेयर किया, जिसमें उन्होंने उत्तम कुमार को एक बहुमुखी अभिनेता बताया, जिन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी।

**सीएम सुभेंदु अधिकारी ने क्या लिखा?**

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर उत्तम कुमार को लेकर लिखा 'भारतीय सिनेमा के महानायक उत्तम कुमार को उनकी ऐतिहासिक 100वीं जयंती पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। एक महान सांस्कृतिक हस्ती, उनकी बेजोड़ अभिनय क्षमता, सदाबहार आकर्षण और स्क्रीन पर सहज मौजूदगी ने सिनेमा को नई परिभाषा दी और ऐसे मानक स्थापित किए जो कलाकारों की पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।'

**मुख्यमंत्री ने दिया सम्मान**

उन्होंने आगे लिखा 'अनगिनत यादगार क्लासिक फिल्मों के जरिए उन्होंने जीवन के सार को पेश किया। सिल्वर स्क्रीन पर राज किया और लाखों लोगों के दिलों में हमेशा के लिए अपनी जगह बना ली। इस सदाबहार कलाकार की विरासत कालजयी है। यह विरासत हमेशा पश्चिम बंगाल और उससे परे सांस्कृतिक जगत को रोशन करती रहेगी। इस महत्वपूर्ण जन्म शताब्दी पर उस महान कलाकार के प्रति मेरा गहरा सम्मान।

**'मन की बात' में क्या बोले थे पीएम?**

'मेरे प्यारे देशवासियों कुछ ही दिनों में तीन सितंबर को हम महानायक उत्तम कुमार जी की जन्म शताब्दी मनाएंगे। दोस्तों उत्तम कुमार जी एक बहुमुखी अभिनेता थे, जो अपने अभिनय से लोगों के दिलों में रच-बस गए।' पीएम मोदी ने आगे कहा 'फिल्म लवर्स का मानना है कि सत्यजीत रे ने फिल्म 'नायक द हीरो' की पूरी स्क्रिप्ट महानायक उत्तम कुमार को ध्यान में रखकर लिखी थी। सत्यजीत रे ने कहा था कि उनमें गरिमा के साथ-साथ अद्भुत भावनात्मक गहराई भी थी। किरदार को वह जीवंत बनाने के लिए बहुत मेहनत करते थे। उत्तम कुमार जी अपनी सहजता के साथ ही परोपकार के लिए जाने जाते थे। उनके जीवन से कभी भी हार ना मानने की सीख भी मिलती है। उनकी शुरुआती फिल्में बहुत नहीं चलीं, मगर उन्होंने अपने काम पर फोकस बनाए रखा। इसी का परिणाम था कि उन्होंने इतनी ऊंचाई हासिल की।' उन्होंने आगे कहा 'साथियों मुझे ध्यान है कि जब मैं कोलकाता में रोड शो कर रहा था, तो मैं उत्तम कुमार जी के घर के सामने से भी गुजरा था। वहां मुझे एक व्यक्ति ने उनकी एक तस्वीर भी भेंट की थी। मैं एक बार फिर महानायक उत्तम कुमार जी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वह हमेशा हम सबके दिलों पर राज करते रहेंगे।'

- तीन सितंबर 1926 को जन्मे उत्तम कुमार के बचपन का नाम अरुण कुमार चटर्जी था।
- उत्तम कुमार ने 1948 में फिल्म 'दृष्टिदान' से अभिनय शुरू किया था।

## क्या '12वीं फेल' अभिनेत्री को डेट कर रहे समय रैना?

### साथ में आए नजर रिश्ते को लेकर लग रहीं ऐसी अटकलें



Samay Raina: समय रैना एक अभिनेत्री के साथ नजर आए हैं। दोनों के रिश्ते को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। जानिए पूरा मामला। समय रैना इस बार अपने शो की वजह से नहीं, बल्कि अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में वह मेधा शंकर के साथ एक ट्रिप पर साथ देखे गए। उनकी ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री फैंस का ध्यान खींच रही है। यह पहली बार नहीं है जब कॉमेडियन और '12वीं फेल' की अभिनेत्री के बारे में चर्चा हो रही है। जुलाई 2026 में, लोगों ने देखा था कि वे साथ में इवेंट्स में शामिल हो रहे थे, जिससे उनके रिश्ते को लेकर अटकलें और तेज हो गईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें हाल ही में एक फ्लाइट में साथ देखा गया।

**समय को लेकर क्या हैं अटकलें?**

फिल्मफेयर के अनुसार एक प्रत्यक्षदर्शी ने दावा किया कि समय और मेधा को एक ही फ्लाइट में यात्रा करते देखा गया। दोनों एक-दूसरे के साथ सहज लग रहे थे और उनके बीच नजदीकी देखी गई। इससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या उनका रिश्ता दोस्ती से बढ़कर कुछ है।

हालांकि न तो समय और न ही मेधा ने डेटिंग की बात कन्फर्म की है। फैंस ने बार-बार उनके बीच सहज तालमेल और बातचीत देखी है। दर्शकों ने उनके बीच के सहजपन को महसूस किया है। हालांकि उनकी हालिया बातचीत से रोमांटिक रिश्ते का कोई संकेत नहीं मिला। मगर एयरपोर्ट पर साथ दिखने से वे फिर से चर्चा में आ गए हैं।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वे शायद अपने निजी रिश्ते को लोगों की नजरों से दूर रखना चाहते हैं।

## दीपिका की फिल्म पर बयान देकर फंसीं स्वरा?

### शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन जुबान काटने पर इनाम का एलान




Swara Bhaskar: फिल्म 'पद्मावत' पर अपना बयान देकर स्वरा भास्कर विवादों में आ गई हैं। उन्होंने इस मामले पर सफाई दी है, इसके बावजूद उनके खिलाफ आगरा में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने संजय लीला भंसाली की फिल्म 'पद्मावत' में जौहर के चित्रण पर सवाल उठाए। उनके बयान की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई। इसके बाद उन्होंने इस मामले पर सफाई दी। हालांकि अब आगरा में अभिनेत्री के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए। एक समूह ने उनके पोस्टर जलाए और उन्हें पैरों तले रौंदा।

**किस संगठन ने किया विरोध प्रदर्शन?**

मंगलवार को 'योगी यूथ ब्रिगेड' के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर अजय तोमर ने विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व किया। उन्होंने रानी पद्मावती और जौहर करने वाली अन्य राजपूत महिलाओं के साहस और बलिदान पर सवाल उठाने के लिए भास्कर की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि अभिनेत्री को उस दौर की ऐतिहासिक परिस्थितियों की समझ नहीं है।

**संगठन ने कितना रखा इनाम?**

विरोध-प्रदर्शन के दौरान, तोमर ने स्वरा भास्कर की जीभ काटने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए 1.51 लाख रुपये के इनाम की घोषणा भी की। इसके अलावा, उन्होंने अभिनेत्री के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया। यह विवाद तब शुरू हुआ जब भास्कर ने 31 अगस्त को दिल्ली के एक कार्यक्रम फिल्म 'पद्मावत' के जौहर सीन के बारे में बात की। उन्होंने तर्क दिया कि जौहर को सम्मान के काम के तौर पर दिखाने से दुष्कर्म पीड़िताओं के बीच गलत संदेश जा सकता है। उन्होंने सवाल किया कि क्या महिलाओं की पवित्रता को उनकी जान से ज्यादा कीमती माना जाना चाहिए। बाद में स्वरा भास्कर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करके साफ किया कि उन्होंने रानी पद्मावती या दूसरी महिलाओं को कायर नहीं कहा था। उन्होंने कहा कि उनकी चिंता इस बात को लेकर थी कि आधुनिक फिल्में किन चीजों को महिमामंडित करती हैं

## केबीसी 18: क्या है सैफ अली खान और अमिताभ बच्चन में रिश्ता?केबीसी के नए एपिसोड में बिग बी ने किया खुलासा



Saif Ali Khan And Akshay in kbc : 'कौन बनेगा करोड़पति' के हालिया एपिसोड में सैफ अली खान और अक्षय कुमार शिरकत करने पहुंचे। जहां अमिताभ बच्चन ने अपने और सैफ अली खान के परिवारिक रिश्तों के बारे में बताया। जानें क्या बोले बिग बी? चर्चित गेम शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में सैफ अली खान और अक्षय कुमार हाल ही में प्रतिभागी बनकर पहुंचे। इसी दौरान शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने सैफ और बच्चन परिवार के आपसी संबंधों के बारे में खुलासा किया।

**क्या है बच्चन और पटौदी परिवार में रिश्ता?**

फिल्म 'हैवान' की स्टार कास्ट सैफ अली खान और अक्षय कुमार कौन बनेगा करोड़पति के एपिसोड में हिस्सा लेने पहुंचे। शो के प्रोमो के अनुसार एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने अपने और सैफ के रिश्ते के बारे में बताया। इसे सुनकर सैफ थोड़ी देर के लिए चौंक गए। उन्होंने बिग बी से पूछा कि उनके बीच कौन सा रिश्ता है? अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कहा, 'राज कपूर की बेटी, रितु के बेटे निखिल की शादी मेरी बेटी श्वेता से हुई है। श्वेता बच्चन की शादी निखिल नंदा से हुई है, जो राज कपूर की बेटी रितु नंदा के बेटे हैं। राज कपूर, करीना कपूर के दादा भी हैं, इस लिहाज से निखिल नंदा और करीना कपूर चचेरे भाई-बहन हैं। सैफ अली खान की शादी करीना कपूर से हुई है, इसलिए शादी के जरिए उनका बच्चन परिवार से संबंध है।'

**अमिताभ ने पूछा यह सवाल?**

इस प्रोमो में एक मजेदार किस्से भी हुआ । करीना संग अपना रिश्ता बताने के बाद अमिताभ ने कहा कि अब अब क्योंकि रिश्तेदारी सामने आ चुकी है, तो अब उन्हें करीना को क्या कह कर बुलाना चाहिए?

- फिल्म 'हैवान' के जरिए अक्षय और सैफ अली खान करीब 18 साल बाद एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे।

# Aaj ka Rashifal 03 September

## मिथुन-कर्क की चमकेगी किस्मत, नौकरी-कारोबार में मिलेंगे नए अवसर और रिश्तों में बढ़ेगा प्यार

**आज का राशिफल 03 सितंबर 2026:** ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति के अनुसार आज मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर राशि वालों के लिए दिन खास रहने वाला है। जानें करियर, धन, व्यापार, लव लाइफ और सेहत के मामले में आज का दिन कैसा रहेगा।

**Aaj Ka Rashifal 03 September 2026:** 3 सितंबर 2026 का दिन ग्रहों की चाल और नक्षत्रों की स्थिति के लिहाज से खास रहने वाला है। आज कुछ राशियों के जातकों को करियर और कारोबार में तरक्की के नए अवसर मिल सकते हैं, जबकि कुछ लोगों को आर्थिक मामलों में सोच-समझकर कदम उठाने की जरूरत होगी। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है और व्यापार करने वालों को लाभ के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। पारिवारिक जीवन और प्रेम संबंधों के लिहाज से भी दिन मिला-जुला रह सकता है।




### मेष

आज किस्मत जैसे आपके अधूरे सपनों की फाइल खोलकर उन्हें पूरा करने के मूड में है। लंबे समय से अटके काम पूरे होंगे तो मन खुशी से भर उठेगा। पैसों से जुड़ी परेशानियां भी धीरे-धीरे कम होती नजर आएंगी। सामाजिक क्षेत्र में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी और आपकी सोच लोगों को प्रभावित करेगी। घर की सजावट या रेनोवेशन का विचार उत्साह बढ़ाएगा। संतान की तरक्की देखकर आज गर्व के साथ चेहरे पर मुस्कान भी रहेगी।

### वृषभ

आज आपका मन सेवा, दान-पुण्य और किसी के काम आने में खूब लगेगा। पुराने साथी से मुलाकात बीते दिनों की खूबसूरत यादें ताजा कर सकती है। वैवाहिक जीवन में चली आ रही दूरियां कम होंगी और रिश्ते में फिर से मिठास घुलेगी। रुका हुआ पैसा वापस मिलने से बड़ी राहत मिलेगी। परिवार की निजी बातों को घर की चारदीवारी तक ही रखना बेहतर होगा, क्योंकि बाहरी लोगों की दखल परेशानी बढ़ा सकती है। आपकी मेहनत सफलता की नई सीढ़ियां चढ़ाएगी।

### मिथुन

आज का दिन लाभ, राहत और खुशियों का खूबसूरत मेल लेकर आ सकता है। जीवनसाथी के साथ बिताया गया प्यार भरा समय रिश्ते में नई गर्माहट और मजबूती लाएगा। सेहत में सुधार होने से मन भी हल्का और प्रसन्न रहेगा। अतीत की कोई गलती आज आपके लिए सीख बनकर सही रास्ता दिखाएगी। विवादों से जितना दूर रहेंगे, उतना ही अच्छा रहेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। भाई-बहनों के साथ होने वाली कोई महत्वपूर्ण चर्चा भविष्य में आपके लिए काफी उपयोगी साबित हो सकती है।

### कर्क

आज तरक्की के नए दरवाजे आपके सामने खुल सकते हैं। मुश्किल समय में दोस्तों का सहयोग आपको संभाल लेगा और किसी बड़ी परेशानी से बाहर निकलने में मदद करेगा। अविवाहित लोगों के जीवन में प्यार की नई दस्तक मन को खुश कर सकती है। सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी, लेकिन किसी भी काम में जल्दबाजी नुकसान करा सकती है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर मिल सकता है। मां की सलाह आज आपके लिए अनुभव से निकला ऐसा रास्ता दिखाएगी, जिसे नजरअंदाज करना ठीक नहीं होगा।

### सिंह

आज कुछ उलझनें आपका ध्यान भटकाने की कोशिश करेंगी, लेकिन धैर्य बनाए रखा तो बाजी आपके हाथ में रहेगी। लंबे समय से अटके कामों को पूरा करने के लिए समय अनुकूल है। पूजा-पाठ और आध्यात्मिक गतिविधियों में मन लगाने से भीतर से शांति महसूस होगी। किसी जरूरतमंद की मदद करना आपको ऐसा संतोष देगा, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल होगा। पार्टनरशिप में कोई बड़ा फैसला लेने से पहले हर पहलू की अच्छी तरह जांच करें। आर्थिक मामलों में भी आंख बंद करके भरोसा करने से बचें।

### कन्या

आज कमाई और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखना आपकी सबसे बड़ी समझदारी होगी। बढ़ते खर्च थोड़ी चिंता दे सकते हैं, लेकिन सही योजना बनाकर आप स्थिति को संभाल लेंगे। नौकरी बदलने का विचार कर रहे लोगों के सामने नया और आकर्षक ऑफर आ सकता है। माता-पिता की सेवा और उनका आशीर्वाद आपके लिए भाग्य का मजबूत सहारा बनेगा। कुछ नया करने की आपकी कोशिश सफल होती दिखाई दे रही है। सफलता के साथ आपका आत्मविश्वास भी तेजी से बढ़ेगा।

### तुला

आज आलस्य को पीछे छोड़कर सक्रिय होंगे तो सफलता खुद आपका रास्ता आसान करती नजर आएगी। खर्च करें, लेकिन जरूरत के हिसाब से, क्योंकि आज की छोटी लापरवाही आगे आर्थिक दबाव बना सकती है। जीवनसाथी को नौकरी के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है। आपकी कला, रचनात्मकता और प्रतिभा लोगों का ध्यान खींचेगी। हालांकि, किसी विरोधी के सामने अपनी निजी बातें या महत्वपूर्ण योजनाएं साझा करना बिल्कुल ठीक नहीं होगा। अपनी रणनीति अपने तक रखना ही आज समझदारी है।

### वृश्चिक

आज कमाई के साथ खुशियों में भी इजाफा होने के संकेत हैं। घर की सजावट या कोई नई खरीदारी मन को उत्साह से भर सकती है। परिवार में चली आ रही गलतफहमियां खुलकर बातचीत करने से दूर होंगी। लंबे समय से अटका काम पूरा होने पर मन को बड़ी राहत मिलेगी। किसी विवाद में पड़ने के बजाय शांत रहना ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। घर में किसी शुभ कार्य की तैयारी शुरू हो सकती है, जिससे पूरे परिवार का माहौल खुशनुमा हो जाएगा।

### धनु

आज आपकी सकारात्मक ऊर्जा आसपास के लोगों को भी प्रभावित करेगी। दोस्तों और परिवार का साथ आपको नई हिम्मत देगा। लंबी यात्रा की योजना बन सकती है और यह सफर भविष्य में यादगार साबित हो सकता है। हालांकि, बोलने से पहले थोड़ा रुककर सोचना जरूरी है, क्योंकि जल्दबाजी में निकले शब्द रिश्तों में तनाव पैदा कर सकते हैं। मां की ओर से मिली जिम्मेदारी को गंभीरता से पूरा करें। कार्यक्षेत्र में दूसरों की बातों में आकर कोई विवाद खड़ा करने से बचें।

### मकर

आज आप अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए पूरी ऊर्जा लगा देंगे और इसका परिणाम भी नजर आएगा। समाज सेवा और परोपकार के कार्य आपकी प्रतिष्ठा को और मजबूत करेंगे। भाई-बहनों का सहयोग मुश्किल समय में आपका हौसला बढ़ाएगा। अतीत में की गई कोई गलती आज एक महत्वपूर्ण सीख बनकर सामने आएगी और आपको बड़ी परेशानी से बचा सकती है। प्रेम जीवन में साथी के साथ बिताया गया समय रिश्ते में फिर से मिठास और अपनापन भर देगा।

### कुंभ

आज का दिन आपसे थोड़ा धैर्य और संतुलन मांग सकता है। अचानक आने वाले खर्च बजट को हिला सकते हैं, इसलिए पैसे खर्च करने से पहले एक बार जरूर सोचें। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से परिवार का माहौल खराब हो सकता है। किसी बड़े फैसले को जल्दबाजी में लेने के बजाय हर पहलू पर विचार करें। अनजान व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करना नुकसान दे सकता है। मन में चल रही उलझनों को शांत दिमाग से सुलझाने की कोशिश करें, जवाब धीरे-धीरे खुद सामने आएगा।

### मीन

आज आर्थिक मामलों में भाग्य आपका साथ देता नजर आएगा। कारोबार में अच्छी कमाई होने से मन प्रसन्न रहेगा और पार्टनरशिप भी मजबूत बनी रहेगी। व्यापार को अगले स्तर तक ले जाने की आपकी योजना सफल होने की संभावना है। लंबे समय से अटका पैसा वापस मिल सकता है, जिससे आर्थिक राहत मिलेगी। दोस्तों और परिवार के साथ बिताया गया समय दिन को खास बना देगा। धार्मिक गतिविधियों के साथ मनोरंजन से जुड़े कामों में भी आपका मन खूब लगेगा और सकारात्मक ऊर्जा से भर जाएगा।

# Aaj Ka Love Rashifal

## मिथुन-कर्क के प्रेम जीवन में होंगे खास बदलाव, पार्टनर के साथ मजबूत होगा रिश्ता



**Love Rashifal 03 September 2026:** आज ग्रहों की चाल प्रेम जीवन पर असर डालेगी। किसी के रिश्ते में प्यार बढ़ेगा, तो कुछ लोगों को साथी के साथ गलतफहमियां दूर करने का मौका मिलेगा। जानें मेष से मीन तक सभी राशियों का आज का लव राशिफल।

**Aaj Ka Love Rashifal 03 September 2026:** 3 सितंबर का दिन प्रेम और रिश्तों के मामले में कई राशियों के लिए खास रह सकता है। किसी के रिश्ते में प्यार और विश्वास बढ़ेगा, वहीं कुछ लोगों को पार्टनर के साथ चल रही नाराजगी या गलतफहमी दूर करने का मौका मिलेगा। जो लोग सिंगल हैं, उनकी किसी खास व्यक्ति से बातचीत शुरू हो सकती है या उन्हें प्रेम से जुड़ा कोई सुखद संकेत मिल सकता है। ग्रहों की चाल आज आपकी लव लाइफ और पार्टनर के साथ रिश्ते को किस तरह प्रभावित करेगी और पार्टनर के साथ दिन कैसा बीतेगा, जानने के लिए पढ़ें मेष से मीन तक सभी 12 राशियों का आज का लव राशिफल। यहां जानें प्रेम, रिश्ते, पार्टनर और रोमांस से जुड़े खास संकेत।

## आज का अंक ज्योतिष 03 सितंबर: मूलांक 2 और 5 वालों को मिलेगा लाभ, आर्थिक स्थिति होगी मजबूत और बढ़ेगी खुशी

**Ank Jyotish 03 September 2026:** अंक ज्योतिष के अनुसार आज का दिन कुछ मूलांक वालों के लिए सफलता और लाभ लेकर आ सकता है। वहीं कुछ लोगों को आर्थिक मामलों में सावधानी बरतनी होगी। जानें मूलांक 1 से 9 तक का आज का अंक भविष्यफल।




**Ank Jyotish 03 September 2026:** अंक ज्योतिष के अनुसार 3 सितंबर 2026 का दिन मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए अलग-अलग परिणाम लेकर आएगा। किसी मूलांक वाले जातकों को करियर और कारोबार में सफलता मिलने के संकेत हैं तो कुछ लोगों को आर्थिक मामलों में सोच-समझकर फैसले लेने की जरूरत होगी। आज कुछ लोगों के लिए नई शुरुआत और अवसरों का दिन रह सकता है, जबकि कुछ को पुराने काम पूरे करने पर ध्यान देना होगा। रिश्तों और पारिवारिक जीवन में भी अंक विशेष प्रभाव डाल सकते हैं। आइए जानते हैं जन्म तारीख के आधार पर मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए आज का दिन कैसा रहेगा और किन मामलों में आपको विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

## शुक्र का तुला में गोचर: इन 3 राशि वालों की चमकेगी किस्मत, 64 दिनों तक मिलेगा लाभ




**Venus Enter In Libra 2026:** शुक्र राशि परिवर्तन कुछ राशि वालों का भाग्य चमका सकता है। इन राशि वालों को सफलता, धन लाभ, व्यापार मुनाफा व मनचाही यात्रा के अवसर मिल सकते हैं। आइए इन भाग्यशाली राशियों को जान लेते हैं।

**Venus Enter In Libra 2026:** ज्योतिष शास्त्र में शुक्र को सबसे शुभ ग्रहों में गिना जाता है, क्योंकि वह भौतिक सुख, विलासिता, आकर्षण और प्रेम के कारक ग्रह हैं। उनका प्रभाव व्यक्ति के जीवन में सुख-सुविधाओं के साथ-साथ रचनात्मकता और व्यक्तित्व में आकर्षण बढ़ाता है। ज्योतिष में शुक्र को वृषभ और तुला राशि का स्वामित्व प्राप्त है। मान्यता है कि जब शुक्र इन दोनों राशियों में गोचर करते हैं, तो उनका प्रभाव सामान्य से अधिक मजबूत हो जाता है। इसका सकारात्मक असर इन दोनों राशियों के साथ-साथ अन्य राशियों पर भी देखने को मिल सकता है। वर्तमान में शुक्र तुला राशि में प्रवेश कर चुके हैं। वह करीब 64 से 66 दिनों तक इसी राशि में रहेंगे। इस दौरान कुछ राशि वालों पर शुक्र की विशेष कृपा बनी रह सकती है। इनके करियर, कारोबार, धन और निवेश से जुड़े मामलों में अच्छे परिणाम मिलने के योग बनेंगे। आइए जानते हैं कौन सी राशियां इस दौरान लकी रह सकती हैं।

**वृषभ राशि**

वृषभ राशि वालों के लिए इस समय गोल्डन टाइम शुरू हो सकता है। आपको विशेष लाभ मिलने के योग हैं। व्यापारियों के लिए भी यह समय अनुकूल रहेगा और कारोबार में प्रगति देखने को मिल सकती है। पुराने निवेश से अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है।

## जन्माष्टमी पर बनेंगे कई शुभ योग, इन 5 राशियों को करियर और धन के मामले में मिलेगा फायदा

**Janmashtami 2026 Rashifal:** इस बार कृष्ण जन्माष्टमी पर ग्रहों का खास संयोग कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ माना जा रहा है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस ग्रह स्थिति से 5 राशियों के जातकों को धन, करियर और भाग्य के मामले में लाभ मिल सकता है। आइए जानते हैं कौन-सी हैं ये भाग्यशाली राशियां।

**Janmashtami Lucky Zodiac Signs:** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी इस बार ग्रहों और नक्षत्रों की खास स्थिति के कारण ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस दिन रोहिणी नक्षत्र के साथ हर्षण और सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग बन रहा है। वहीं, चंद्रमा के वृषभ राशि में स्थित होने से इस ग्रह स्थिति का महत्व और बढ़ जाता है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इन शुभ संयोगों का सकारात्मक प्रभाव कुछ राशियों पर विशेष रूप से पड़ सकता है। ऐसे में 5 राशियों के जातकों के लिए जन्माष्टमी का यह पर्व धन, सफलता और सौभाग्य के नए अवसर लेकर आ सकता है।

**वृषभ राशि**

जन्माष्टमी पर बन रहे शुभ ग्रह संयोग वृषभ राशि के जातकों के लिए आर्थिक रूप से सकारात्मक रह सकते हैं। लंबे समय से रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को करियर में आगे बढ़ने के नए मौके मिल सकते हैं, वहीं कारोबारियों के लिए भी मुनाफे के अवसर बन सकते हैं। आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे मजबूती आने के संकेत हैं।



**कर्क राशि**

कर्क राशि वालों के लिए यह समय मानसिक सुकून और पारिवारिक खुशियां लेकर आ सकता है। लंबे समय से बना तनाव कम होने और मन को शांति मिलने की संभावना है। नौकरी करने वालों के लिए परिस्थितियां अनुकूल रह सकती हैं और काम में स्थिरता महसूस होगी। परिवार के सदस्यों के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ सकती है और घर का माहौल बेहतर रहेगा।

# केबीसी के नए एपिसोड में बिग बी ने किया खुलासा आईओए से लगाई गुहार खुद उठाएगा हवाई खर्च




एशियाई खेलों की शुरुआत होने में अब ज्यादा समय शेष नहीं रह गया है। बीसीसीआई क्रिकेटरों के लिए ठहराए जाने वाली व्यस्था से खुश नहीं है। बताया जा रहा है कि बोर्ड ने होटल के एक कमरे में दो क्रिकेटरों को ठहराए जाने पर आपत्ति जताई है। एशियाई खेलों के दौरान होटल के एक कमरे में दो क्रिकेटरों को ठहराए जाने की व्यवस्था से बीसीसीआई खुश नहीं है। बीसीसीआई ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से गुहार लगाई है कि आयोजकों से बात कर एक क्रिकेटर को एक कमरे में ठहराने की व्यवस्था की जाए। आईओए ने इसे आयोजकों तक पहुंचा दिया है, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। एशियाई खेलों के दौरान होटल के एक कमरे में दो क्रिकेटरों को ठहराए जाने की व्यवस्था से बीसीसीआई खुश नहीं है। बीसीसीआई ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से गुहार लगाई है कि आयोजकों से बात कर एक क्रिकेटर को एक कमरे में ठहराने की व्यवस्था की जाए। आईओए ने इसे आयोजकों तक पहुंचा दिया है, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। सूत्र बताते हैं कि सितारे भारतीय क्रिकेटरों के रहने में कोई दिक्कत नहीं आए, इसके लिए बीसीसीआई की एक टीम जल्द ऐची-नागोया का दौरा करेगी। इसके बाद ही बीसीसीआई फैसला लेगी कि क्रिकेटरों को आयोजकों की ओर से उपलब्ध कराए जा रहे होटल में ठहरना है या फिर उन्हें अपने खर्च पर होटल की व्यवस्था करनी है। बोर्ड ने यह भी फैसला लिया है कि एशियाड में भाग लेने के लिए हवाई यात्रा का खर्च वह खेल मंत्रालय से नहीं लेगा और अपने खर्च पर बिजनेस क्लास में क्रिकेटरों को जापान भेजेगा

इकोनॉमी क्लास से जाते हैं खिलाड़ी

इस बार खेलों में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में मुख्य टीम भेजी जा रही है, जिसमें बुमराह, अभिषेक शर्मा जैसे क्रिकेटर हैं। बीसीसीआई क्रिकेटरों को अमूमन बिजनेस क्लास में या फिर चार्टर्ड फ्लाइट में यात्रा कराता है। खेल मंत्रालय खेलों के लिए भारतीय दल का खर्च उठाते हुए खिलाड़ियों को इकोनॉमी क्लास में यात्रा कराता है। सूत्र बताते हैं कि बीसीसीआई ने आईओए से कहा है, वह क्रिकेटरों की यात्रा का खुद खर्च उठाएगा। आईओए ने 50 क्रिकेटरों और सपोर्ट स्टाफ पर दो करोड़ 34 लाख का खर्च तय किया था। इनमें यात्रा, दैनिक भत्ता, सेरिमोनियल-प्लेइंग किट का खर्च शामिल है। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली महिला टीम को 14 सिंतबर को नगोया पहुंचना है, जबकि उनकी वापसी 23 सितंबर की है। पुरुष टीम 21 को पहुंच रही है और चार अक्तूबर को वापसी कर रही है। पुरुष टीम को नगोया के एपीए होटल है।

# एशियाई खेलों के लिए बांग्लादेश की पुरुष टीम घोषित:

## टी20 में शांतो और महमूद की वापसी लिटन दास संभालेंगे कमान




**बांग्लादेश ने इस महीने होने वाले एशियाई खेलों के लिए पुरुष क्रिकेट टीम का एलान कर दिया है। बांग्लादेश के लिए इस टूर्नामेंट में लिटन दास कप्तानी करेंगे। टीम क्वार्टर फाइनल से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। बांग्लादेश ने जापान में होने वाले आगामी एशियन गेम्स के लिए अपनी 15 सदस्यीय टी20 टीम घोषित की है, जिसमें नजमुल हुसैन शांतो और तेज गेंदबाज हसन महमूद को वापस बुलाया है। वहीं, लिटन दास हैमस्ट्रिंग चोट से उबरने के बाद 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी करते नजर आएंगे। चोट के कारण लिटन जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध बांग्लादेश की हालिया टी20 सीरीज में नहीं खेल सके थे, लेकिन अब वह इस इवेंट से पहले कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के लिए वापस आ गए हैं। शांतो पिछले साल मई में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ खेलने के बाद सबसे छोटे फॉर्मेट में वापसी कर रहे हैं। टॉप-ऑर्डर के इस बल्लेबाज का टी20 में प्रदर्शन खराब रहा था। वह 19 पारियों में कोई अर्धशतक नहीं लगा पाए थे, जिसके कारण उन्हें कप्तानी लिटन को सौंपनी पड़ी। वहीं, शांतो ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में बांग्लादेश को ऐतिहासिक पहली टेस्ट जीत दिलाई। उन्होंने पिछले बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) सीजन के दौरान एक शतक और एक अर्धशतक समेत कुल 355 रन भी बनाए थे। तेज गेंदबाज हसन महमूद भी पिछले साल पाकिस्तान दौरे पर खेलने के बाद राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी कर रहे हैं, जहां उन्होंने तीन मैचों में 11.30 की इकॉनमी रेट से तीन विकेट लिए थे। महमूद को डार्विन टेस्ट जीत में शांतो के साथ प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। विकेटकीपर बल्लेबाज नुरुल हसन और अब्दुल गफ्फार सकलैन को टीम से बाहर कर दिया गया है, जबकि तेज गेंदबाज नाहिद राणा साइड स्ट्रेन से उबरने के कारण टीम में जगह नहीं बना पाए हैं**

# अफगानिस्तान सीरीज के लिए भारतीय टी20 टीम घोषित:

## वैभव को मिला मौका बुमराह का नाम सशर्त शामिल रिंकू की अनदेखी

बीसीसीआई ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। दोनों टीमों के बीच एशियाई खेलों से पहले यह सीरीज खेली जानी है। श्रेयस अय्यर इस 15 सदस्यीय टीम की कप्तान संभालेंगे। आइए जानते हैं टीम में किस-किस खिलाड़ी को मौका दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। भारतीय टीम श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलने उतरेगी। इस टीम में सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी शामिल किया गया है। इस सीरीज के लिए टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी शामिल किया गया है, लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा।

दिल्ली में होंगे मुकाबले

भारत और अफगानिस्तान के बीच सीरीज के तीनों मुकाबले दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहला टी20 13 सितंबर, दूसरा 15 सितंबर और तीसरा मुकाबला 17 सितंबर को होगा। यानी भारत और अफगानिस्तान के बीच पूरी टी20 सीरीज पांच दिनों के भीतर पूरी हो जाएगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच हालिया क्रिकेट संबंध भी लगातार मजबूत हुए हैं। दोनों टीमों ने जून 2026 में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली थी। इसके अलावा जनवरी 2024 में दोनों देशों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज भी हुई थी। सितंबर की आगामी टी20 सीरीज के बाद भारत और अफगानिस्तान तीनों फॉर्मेट में एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला कर चुके होंगे।

चार खिलाड़ी फिटनेस पर निर्भर

बीसीसीआई ने अफगानिस्तान के खिलाफ जो 15 सदस्यीय टीम घोषित की है उसमें चार खिलाड़ी ऐसे हैं जिनका खेलना तय नहीं है। इसका कारण यह है कि इन खिलाड़ियों का खेलना उनकी फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर करता है। नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, बुमराह और हर्षित राणा को अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है, लेकिन इनका खेलना तय नहीं है। बीसीसीआई ने बताया कि इन चारों खिलाड़ियों का खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा।

रिंकू सिंह को नहीं मिला मौका

बीसीसीआई ने इस सीरीज के लिए मध्यक्रम के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह को मौका नहीं दिया है। रिंकू को इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी20 सीरीज में भी शामिल नहीं किया गया था। वहीं, 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को एक बार फिर टीम में जगह दी गई है। दिलचस्प बात यह है कि संजू सैमसन भी जगह बनाने में सफल रहे हैं। वहीं, तिलक वर्मा उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालते रहेंगे। भारतीय टी20 टीम को सितंबर के अंत में एशियाई खेलों में हिस्सा लेना है। एशियाड के लिए भी भारत ने मजबूत टीम का चयन किया था।




ऐसे में एशियाई खेलों से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की यह सीरीज अहम मानी जा रही है। मालूम हो कि एशियाई खेलों में भारत स्वर्ण पदक का बचाव करने उतरेगा।

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम:

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (उपकप्तान), शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी*, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर*, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह*, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा*।

# कोहली ने बनवाया एक और टैटू: विराट का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल विंडीज सीरीज से पहले किया बदलाव




भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह नया टैटू बनवाते दिख रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले कोहली का नया टैटू फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया है। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने स्टाइलिश अंदाज और फिटनेस के साथ-साथ टैटू प्रेम के लिए भी जाने जाते हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज से ठीक पहले विराट कोहली का एक नया टैटू चर्चा का विषय बन गया है। सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो और कुछ तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिसमें वह टैटू बनवाते हुए नजर आ रहे हैं। मुंबई के स्टूडियो में दिखा नया बदलावरिपोर्ट्स के मुताबिक, विराट कोहली को मुंबई के एक मशहूर टैटू स्टूडियो (Aliens Tattoo) में देखा गया, जहां वह अपने बाएं हाथ पर नया टैटू बनवा रहे हैं। उनके इस नए डिजाइन में पानी की बूंद गिरने पर बनने वाली लहर (Ripple Design) जैसी कलाकृति नजर आ रही है। हालांकि अभी यह टैटू पूरी तरह से पूरा नहीं हुआ है और इसके कई सेशन चल चुके हैं, लेकिन इसकी झलक सामने आते ही फैंस के बीच यह चर्चा का केंद्र बन गया है।

फैंस में उत्साह विराट कोहली की बॉडी पर पहले से ही कई टैटू मौजूद हैं, जो उनके जीवन के अलग-अलग पहलुओं और संघर्षों को दर्शाते हैं। अब इस नए टैटू के जुड़ने से उनके फैंस में इसे लेकर काफी उत्सुकता है। वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली आगामी सीरीज से पहले कोहली का यह नया लुक और उनका बदला हुआ अंदाज सोशल मीडिया पर छाया हुआ है जब से यह तस्वीर सामने आई है, तब से इंटरनेट पर तेजी से शेयर की जा रही है। फैंस इस पर तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं और कपल को बधाइयां दे रहे हैं। ऋचा और अली के चाहने वाले इस प्यारी सी तस्वीर पर जमकर अपना प्यार बरसा रहे हैं। बता दें कि ऋचा चड्ढा और अली फजल ने इसी साल सितंबर में अपनी बेटी का स्वागत किया था। तब से लेकर अब तक यह जोड़ा अपनी पेरेंटहुड जर्नी को बेहद खूबसूरती से एन्जॉय कर रहा है। काम के मोर्चे पर भी दोनों जल्द ही नए प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाले हैं, लेकिन फिलहाल उनकी फैमिली लाइफ से जुड़ी ये अपडेट चर्चा का विषय बनी हुई है। बॉलीवुड के पॉपुलर कपल ऋचा चड्ढा और अली फजल अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहते हैं

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**
**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**
**– सम्पादक**

**R.N.I. No.**
**UPHIN/25/A4228**
**स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक**
**निर्भय कुमार सेंगर**
**के लिए ‘प्लैनेट न्यूज़ इंडिया’ प्रेस से छपकर,**
**बी-9, गायत्री भवन,**
**विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,**
**रामघाट रोड, अलीगढ़**
**(उ.प्र.) से प्रकाशित।**
**मो. 9454428661**
**प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर**
**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)**
**Email:planetnewsindia776@gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













